# टेक्सटाइल वर्ल्ड

7 से 21 जुलाई, 2023

SINCE 1998



टेक्सटाइल वर्ल्ड presents Uni World 3.0

UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO 19-20 DEC 2023

Bengaluru

For Booking Enquiry
+91 8003596092
+91 8005660394



टेक्सटाइल वर्ल्ड 25 Years

SILVER JUBILEE CELEBRATION





RISHAB WORLD

*The*
Finest Italian Fashion
Fabrics

D&J

www.donandjulio.com

DonandJulio

Don & Julio

Call at +91 93219 14004 or

email at crm@rishabworld.com



RISHAB WORLD
The
Finest Italian Fashion
Fabrics
D&J
www.donandjulio.com
DonandJulio
Don & Julio
Call at +91 93219 14004 or
email at crm@rishabworld.com

Vishnulene® VSM SUITINGS & SHIRTINGS
Vishnu Laxmi Silk Mills
29,A-6, Udit Mittal Ind. Estate, Andheri Kurla Road, Andheri (E), Mumbai- 59
E-mail: shahsaras@gmail.com

पाक्षिक
SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 09-07-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-26 अंक-02 भीलवाड़ा/ 7 जुलाई, 2023 कुल पृष्ठ- 32 मूल्य : 25 रुपए

















## प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा का असर

# भारत से अमेरिका को गारमेण्ट निर्यात में वृद्धि के अनुमान

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही अमेरिका यात्रा के दौरान हुए विभिन्न द्विपक्षीय समझौतों के बाद देश से अमेरिका को गारमेंट निर्यात में वृद्धि होने के अनुमान के साथ ही दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ने से स्टार्ट अप्स इकोसिस्टम व निवेश को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह कहना है अपेरल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के चेयरमैन श्री नरेन गोयनका का।

टेक्सटाइल वर्ल्ड presents
Uni World 3.0
UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO 19-20 DEC 2023
Bengaluru
For Booking Enquiry
+91 8003596092
+91 8005660394

प्रधानमंत्री श्री मोदी ही हाल ही सम्पन्न हुई अमेरिका यात्रा पर टिप्पणी करते हुए श्री गोयनका ने कहा कि श्री मोदी की इस यात्रा के बाद भारत और अमेरिका

Since 1999 9004668794
KATARIA INSURANCE
SHOP . GODOWN . FACTORY


के बीच आपसी सहयोग और द्विपक्षीय संधियों में मजबूती बढ़ेगी और विश्व के दो लोकतांत्रिक देशों के बीच कारोबार में वृद्धि होगी। उनका कहना है कि अमेरिकी दौरे पर जो समझौते किए गए हैं वे प्रधानमंत्री के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार में नए अवसर पैदा करने के उनके दृष्टिकोण के अनुरुप ही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत की बढ़ती कूटनीतिक शक्ति और वैश्विक मंच पर भारत के प्रभाव का प्रतीक है। श्री गोयनका ने कहा कि देश का गारमेंट उद्योग और भारत के औद्योगिक परिदृश्य के दायरे बढ़ाने के लिये श्री मोदी के आभारी हैं। उनका कहना है कि अमेरिका गारमेंट का एक बड़ा बाजार है और प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच व्यापार सहयोग बढ़ने के साथ ही मजबूत आर्थिक सम्बंधों के लिए सकारात्मक प्रभाव पैदा किया है। श्री गोयनका के अनुसार 2022 में भारत से अमेरिका को 6,004.9 मिलियन डॉलर के गारमेंट निर्यात किए गए, जो इससे पूर्व वर्ष की तुलना में 33.7 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही अमेरिका के गारमेंट आयात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 5.7 प्रतिशत हो गई है तथा आशा है कि भविष्य में इसमें और बढ़ोतरी होगी। श्री गोयनका का कहना है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक उपलब्धि भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा और सेमीकंडक्टर के उत्पादन के लिए किए गए समझौते हैं।



















## श्री भैरव एजेंसी




भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मंडी में 1999 से एजेंसी कार्य में सिद्धस्त कंपनी श्री भैरव एजेंसी एक जाना पहचाना नाम है। कंपनी के डायरेक्टर श्री सुभाष आंचलिया ने बताया कि कंपनी गारमेंट सेगमेंट में नॉन डेनिम कॉटन फैब्रिक का कार्य कर रही है, जो कि मुख्यतः मुंबई, उल्हासनगर, दिल्ली व अहमदाबाद के व्यापारियों को गारमेंट सेगमेंट में नॉन डेनिम कॉटन फैब्रिक की सप्लाई कर रही है। श्री आंचलिया ने बताया कि अभी ग्राहकी कमजोर है, लेकिन 15 अगस्त के आसपास व्यापार चलने की उम्मीद है।

# डेनिम जींस, टी-शर्ट एवं ट्रैक पैंट सप्लाई में अग्रणी डीके एक्सपोर्ट

## मुम्बई जिओ गार्डन में आयोजित फेयर में होगा भव्य डिस्प्ले

मुंबई/ वर्ष 1998 में स्थापित डीके एक्सपोर्ट डेनिम जींस, कैजुअल शर्ट, बरमूडा, टी-शर्ट, ट्रैक पैंट के निर्माता के रूप में भारत की तमाम मंडियों के साथ-साथ एक्सपोर्ट हाउस के रूप में विख्यात है। कंपनी के डायरेक्टर श्री नरेश लालवानी ने बताया कि हमारे द्वारा Urban Duo & Zivero ब्राण्डनेम के तहत बड़े स्तर पर कार्य किया जाता है। इन सभी उत्पादों में हमारे पास अनेक वैरायटियाँ विद्यमान हैं। साथ ही हमेशा रेडी स्टॉक तैयार रहता है। हमारे उत्पाद भारत की तमाम मंडियों के साथ-साथ एक्सपोर्ट के रूप में यूएई, बहरीन, कतर, स्पेन आदि के रेडीमेड गारमेंट आउटलेट में बड़े पैमाने पर सप्लाई किए जा रहे हैं।




### जिओ गार्डन में आयोजित फेयर में होगा डिस्प्ले

श्री लालवानी ने बताया कि आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए 18 से 21 जुलाई 2023 मुंबई के जिओ गार्डन में आयोजित रेडीमेड गारमेण्ट फेयर में उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया जाएगा। इसके अन्तर्गत हमारे द्वारा उत्पादित रेंज को पेश कर देश-विदेश से आए व्यापारियों को रेंज देखने का मौका हमारी स्टॉल नंबर 116 पर मिलेगा। इसके अलावा हमारे द्वारा देश-विदेशों में आयोजित फेयर में भी भाग लिया जाता है।









## स्कूल यूनिफॉर्म का सीजन रहा कमजोर

**कोयम्बटूर / सुनील कोठारी**

स्कूल यूनिफॉर्म का सीजन लगभग समाप्त हो चुका है, इस बार स्कूल सीजन कुछ खास नहीं रहा, महंगाई के कारण अभिभावकों के पास बजट खर्च करने के लिए बहुत कम था। इसका असर यूनिफॉर्म की सीजन पर पड़ा। यूनिफॉर्म कारोबार से जुड़े व्यापारी सीजन की तैयारी बहुत पहले से कर लेते हैं, ऐसा लगता है कि स्टॉक बहुत ज्यादा रह जायेगा। ट्रांसपोर्ट गोडाउनों में माल खचाखच भरा पड़ा है। बाकी कोई भी सीजन चले ना चले, स्कूल यूनिफॉर्म का सीजन पक्का चलता ही है लेकिन इस बार यह सीजन भी बहुत कमजोर रहा और अंत तक आते-आते भिवंडी व भीलवाड़ा की मार्केट गिरनी शुरू हो गई है। यह भी व्यापारियों के लिए दोहरी मार है। एक तो ऊँचे दाम का माल स्टॉक है वह मार्केट गिर रहा है। लगता है आगे यह मंदी बहुत लंबी चलेगी। व्यापारी बंधुओं के लिए समझदारी यही रहेगी कि खरीदी सोच समझ कर ही की जाए। वैसे भी सीजन कमजोर होने की वजह से पेमेंट पोजिशन बहुत खराब है और आगे भी यह सुधरने जैसी नहीं लग रही है।

## रक्षाबंधन सीजन अच्छा होने की संभावना

**रेवाड़ी/ जय प्रकाश शर्मा**

स्थानीय वस्त्र बाजार में रेगुलर रूप से छुटपुट ग्रहकी का दौर चलन में है। रेडीमेड गारमेंट में ट्राउजर पैंट में अच्छी मांग है। हमेशा से चलन में रहने वाला साड़ी कारोबार जोरों पर है। अभी शिफॉन जॉर्जेट बनारसी सिल्क साड़ी काफी चलन में है। बॉर्डर साड़ी, हत्था वर्क में अच्छी मांग है। आगामी रक्षाबंधन सीजन को देखते हुए बाजार में उठाव नजर आ रहा है। पेमेंट की आवक कमजोर है। पर आगामी सीजन को देखते हुए पेमेंट अच्छा मिलने की पूर्ण संभावना है।

**यूनिफॉर्म -** बाजार में अभी यूनिफॉर्म की मांग पूर्ण जोर पर है। स्कूल ड्रेस डिफरेंट कलर के साथ चलना है। सीजन के मुताबिक यूनिफार्म का कारोबार बहुत अच्छा दिख रहा है।

## बाजार सुस्त : सेल के बोर्ड लगने लगे

**सतना/ बलराम शुक्ला**

विगत एक माह से लगातार स्कूल यूनिफॉर्म की जोरदार ग्राहकी थी। सबसे ज्यादा शर्टिंग मुम्बई की बिकी रेमंड कॉटन सूरत का तथा सूटिंग भीलवाड़ा की ज्यादा मांग रही। दुपट्टे की भी ग्राहकी रही लेकिन सरकारी स्कूलों की ड्रेस नहीं बिकी क्योंकि मार्केट में बदलाव का भी हल्ला था। लेकिन इस समय सूरत की साड़ियों की हालत सबसे ज्यादा खराब है क्योंकि ग्राहकी बिल्कुल नहीं है, माल वापसी जा रहे है। बाजार मे पैसा नहीं है नीरसता का माहौल है । लेकिन इस मंदी से निपटने के लिए कपड़ा व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानों के बाहर सेल के बोर्ड लगाना शुरू कर दिया है। किसी ने 40 प्रतिशत किसी ने 50 प्रतिशत किसी ने 25 प्रतिशत के बोर्ड लगा दिया है जिससे बाजार मे चहल पहल दिखना चालू हो गई है।






## मार्केट में स्कूल ड्रेस की ग्राहकी जोरों पर

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

स्थानीय वस्त्र बाजार में जनरल ग्राहकी अच्छी के वनिस्पत स्कूल ड्रेस की ग्राहकी अच्छी चल रही है। स्कूलों के खुलने के साथ ही चुन्नी, टाई, बेल्ट, शूज एवं मोजे की मांग बनी हुई है। वैसे बाजार में रेमण्ड कॉटन, वाइट हाउस, 2/76 - 56/6 समर क्वालिटी के साथ सूटिंग में 2/18 टसर क्वालिटी चलन में है। मोहन ड्रेसेज ब्यावर के संचालक श्री ललित जी का कहना है कि उनके यहाँ प्राइवेट एवं सरकारी यूनिफॉर्म के सभी उत्पाद रखे जाते हैं। साथ ही सीजन के अनुसार रेडीमेड ड्रेसेस रखी जाती है। इस समय सलवार सूट, ड्रेस मटीरियल, सूटिंग-शर्टिंग, राजपूती ड्रेस, क्वालिटी की मांग बनी हुई है।

## यूपी में बनेगा मेगा टेक्सटाइल पार्क : प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ**

(एएनबी) उत्तर प्रदेश को अगले कुछ साल में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में प्रयासरत राज्य सरकार एक मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाने की योजना पर काम कर रही है। यह एक बड़ी परियोजना होगी जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। राज्य के केबिनेट मंत्री राकेश सचान ने यह बात कही। देश के अग्रणी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन 2023 का उद्घाटन करते हुये श्री सचान ने कहा कि हरदोई- कानपुर के बीच एक पीएम मित्र पार्क की शुरूआत होगी जो कि एक टेक्सटाइल पार्क होगा। यह एक बड़ी परियोजना होगी जिसकी अगले एक- दो महीने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरुआत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को आगे बढ़ाने और वित्तीय सुविधा और मार्केटिंग सहित उनकी समस्याओं के निदान के लिये हर क्षेत्र में प्रयास कर रही है। छोटे उद्यमों के समक्ष पैकेजिंग की बड़ी समस्या है। अच्छी पैकिंग उनके उत्पादों के अच्छे दाम दिला सकती है। इसलिये राज्य सरकार का प्रयास है कि लखनऊ में पैकेजिंग का भी एक संस्थान खोला जाए।

उन्होंने कहा ''मल्टी मॉल के क्षेत्र में भी हम काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में तीन मल्टी मॉल खोले जाने के बारे में चर्चा हुई है। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ हमारी बातचीत हुई है। उत्तर प्रदेश में तीन मल्टी मॉल बनारस, लखनऊ और गोरखपुर में बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया है।श्री सचान ने कहा कि राज्य में ज्यादा एमएसएमई पंजीकरण कराने आगे आयें, इसके लिये उन्हें प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राज्य सरकार एमएसएमई को पाँच लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा दे रही है इसके बाद से जून के महीने में ही अब तक 1. 35 लाख नये एमएसएमई पंजीकरण राज्य में हुये हैं। पंजीकृत उद्यमों को बैंकों और संस्थानों से वित्तीय सुविधा मिलने में आसानी होती है, इसलिये राज्य सरकार एमएसएमई को पंजीकरण के लिये प्रोत्साहन दे रही है। उत्तर प्रदेश में कार्यरत कुल 90 लाख से अधिक एमएसएमई में से केवल 14 लाख छोटे उद्यमों का ही पंजीकरण है।








MAHENDRA JAIN
+91 94138 60897
+91 63785 41066
।। श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः।।
HARSH JAIN
+91 94611 32695
Bhairav Syntex
Textile Agent
Specialisation in UNIFORM & CORPORATES
112, 1st Floor, Shreenath Tower, Pur Road, Gangapur Choraha
Bhilwara-311001 (Raj.) bhairavsyntex11@gmail.com










# गारमेण्ट बिक्री पटरी पर नहीं लौटी, उत्पादन पर स्थिति अभी स्पष्ट नही

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

जब सीजन में बिक्री बढ़ने की संभावना थी, तब कुछ समय तक इस तरह का माहौल बनता दिखाई दिया था, लेकिन यह अधिक दिनों तक टिक नहीं सका। गारमेण्ट में कारोबार उक्त सीजन के दौरान भी कम रहा था। अब मानसून शुरू होने के बाद रिटेलरों को लग रहा था कि उनके अनसोल्ड स्टॉक इन दिनों में आसानी से निकल जाएंगे और त्योहारी सीजन की उनकी तैयारी में कोई अड़चनें नहीं होगी। लेकिन भारी-भरकम डिस्काउंट देने के बाद भी गारमेण्ट की बिक्री पटरी पर नहीं लौटी है। लोकल स्तर पर गारमेण्ट में कारोबार कम तो है ही परंतु निर्यात मोर्चे पर भी इस दिशा में कोई संतोषजनक रिपोर्ट नहीं मिल रही है। यार्न, फैब्रिक्स, मेडअप्स एवं गारमेण्ट में निर्यात लगातार घट रहा है।

आगे की सीजन के लिए गारमेण्ट उत्पादकों का सेम्पलिंग कार्य कुछ राज्यों में पूरा हो चुका है, तो कुछ राज्यों में अभी भी चल रहा है। कारण कि इस बार त्योहारी सीजन देरी से शुरू होने जा रहा है, कारण कि अधिक मास है। जैसे ही बुकिंग का कार्य पूरा हो जाएगा और गारमेण्ट उत्पादकों को किस तरह की बुकिंग मिली है, इसकी एक पुख्ता जानकारी उपलब्ध हो जाएगी, उसके बाद गारमेण्ट उत्पादन को गति देने का कार्य शुरू हो सकता है। गारमेण्ट में एण्ड ऑफ द सीजन सेल 15 जून से 15 अगस्त तक है। यह तो साफ दिखाई दे रहा है कि गारमेण्ट में धंधा मंदा है, परन्तु ग्राहकों के लिए नये इनोवेशन करने में उद्योग अभी भी पीछे नहीं है। बच्चों से लेकर महिला परिधानों में यह झलक रहा है।

इस बार के वैवाहिक सीजन के दौरान गारमेण्ट और फैब्रिक्स में कारोबार उम्मीदों से तालमेल नहीं बैठा सका। इसका कारण देश में बढ़ती महंगाई और दूसरे कारण रहे हैं, जिसने ग्राहकों के हाथ बांध रखे थे। तथापि एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 2022-23 में गारमेण्ट उद्योग का कद 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ा है। परंतु बाजार बढ़ा, यह इसलिए दिखाई नहीं दिया कि गारमेण्ट में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के भाव बढ़े, जिससे गारमेण्ट की उत्पादन लागत बढ़ी, जिसने इस बाजार के कद को दबा दिया। इस दौरान बिक्री में यह वृद्धि मुख्यतया बड़े गारमेण्ट उत्पादकों तथा उन बड़े रिटेलरों की अधिक रही है, जिनका नेटवर्क व्यापक है और उनके पास देशी नामचीन ब्राण्डों के साथ विदेशी ब्रांडों की सुविधा रही है। लेकिन जब इस वृद्धि की तुलना पिछले वर्ष की बिक्री से करते हैं, तो निश्चित तौर पर इसमें गिरावट दिखाई देती है, जो तीन से पांच प्रतिशत के बीच हो सकती है। जानकारों का कहना है कि बिक्री कम होने का प्रमुख कारण वैवाहिक मुहूर्त कम होने, आर्थिक मंदी तथा बढ़े भाव रहे हैं। गारमेण्ट में ट्रेंडों में भी बदलाव देखा गया है, जहां महिलाओं के वस्त्रों में ट्रेडिशनल क्लोदिंग के बदले में वेस्टर्न क्लोदिंग की तरफ अधिक झुकाव रहा है, तो पुरूषों के सेगमेंट त्योहारों एवं विशेष उत्सवों के दौरान ट्रेडिशनल वस्त्रों की ओर झुकाव रहा है। बच्चों के वस्त्रों में भारी बदलाव दिखाई दिया है और इसमें मिलाजुला ट्रेंड रहा है। लेकिन अब आगे की सीजन में गारमेण्ट में अच्छे कारोबार के आसार दिखाई दे रहे हैं।






**To,**
**Chief Editor**
**Textile world**

On behalf of entire Maskati Cloth Market Mahajan, New cloth Market & FABEXA, we extend our heartiest congratulations to your Newspaper for completing 25 glorious years of success. Your company deserves an admiration for completing silver jubilee year.

You have always been on the top of the list for serving the Textile community with your unselfish services.

Publication House like yours with a brilliant team of dedicated staff can only aim for high results. Relation with you has been a real honor and we value our each and every news published.

With commitment and sincerity, you have time to time proved your worth and have gained the much deserved recognition and fame. With your services, the textile community has gained a lot. You have always kept customers satisfaction as your priority and have never resorted to any wrong means for any work.

We wish you all the success for years to come. And we hope to continue to priortize you for all our future dealings and textile news.

Thank you for all the precious years of our association.

**Gaurang Bhagat**
**President**
**Maskati Cloth Market Association**
**New Cloth Market & FABEXA**



**हार्दिक अभिनंदन!**

श्रीमान योगेन्द्र जी शर्मा के नेतृत्व में टेक्सटाइल वर्ल्ड अखबार कपड़ा (टेक्सटाइल) बाजार में बहुत बड़ा महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहा है। इस अखबार से टेक्सटाइल मार्केट की बहुत सारी जानकारियां घर बैठे प्राप्त होती रही है। प्रत्येक कपड़ा व्यापारी को इस अखबार को निरन्तर मंगवाते रहना चाहिए। आपके इस न्यूज बुलेटिन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में श्रीमान् योगेन्द्र जी एवं उनकी टीम को मैं बहुत-बहुत बधाई प्रेषित करता हूँ तथा ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि आप इस पत्रिका को लेकर और ऊँचाइयाँ प्राप्त करें। हम आपके साथ हैं और हमेशा रहेंगे। धन्यवाद!

**हीरालाल के जैन**
**चेयरमैन**
**सेन्चुरी प्रोसेसिंग मिल्स प्रा. लि. (इरोड़)**

## देवशयनी के साथ ही बाजार थमा

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

जून माह में कई शादियों की तारीखों के कारण स्थानीय वस्त्र बाजार में चहल-पहल थी। भारतीय मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से देव शयन को चले जाते है और मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। मांगलिक कार्यों का सीधा संबंध वस्त्र बाजार से होने के कारण बाजार में भी अब सन्नाटा पसर गया। 27 जून को विवाह की अंतिम तारीख थी इसके बाद अगले चार माह तक लगन मूहूर्त नहीं है ऐसा ज्योतिषियों का कहना है। आलोच्य पखवाड़े में वैवाहिक ग्राहकी ठीक-ठाक थी। वैसे भी मानसून के आगमन के बाद वस्त्र बाजार में छिटपूट ग्राहकी रहती है। अब अगले माह रक्षाबंधन पर बाजार में उठाव की संभावना के मद्देनजर वस्त्र विक्रेता माल मंगवा सकते हैं। जानकारों के अनुसार इस बार दो सावन की वजह से रक्षाबंधन भी अगले माह के अन्त में है, अतः तब तक वस्त्र बाजार में, आंशिक ग्राहकी के ही आसार है।







# कानपुर कपड़ा कमेटी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी समारोह सम्पन्न





समारोह के दौरान पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया

**कानपुर/ श्रीकृष्ण गुप्ता**

उत्तर भारत का सबसे बड़ा कपड़ा व्यापार संगठन कानपुर कपड़ा कमेटी को सफलतापूर्वक 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इसी उपलक्ष्य में हाल ही में 25 जून को शताब्दी समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कपड़ा कमेटी के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ गुप्ता (बिस्सू बाबू) ने बताया कि कमेटी सन् 1923 में स्थापित हुई, तब मात्र 55 सदस्य थे और यह वर्तमान में 1700 सदस्यों के साथ देश के शीर्ष व्यापारिक संगठनो में शुमार है। 25 जून को लाजपत भवन मोती झील में बड़ा आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद और विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक व कैबिनेट मंत्री श्री गोपाल गुप्ता नंदी ने शिरकत की।

कार्यक्रम केदौरान प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता ने कमेटी के गठन और गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। कमेटी में निर्वाचन अधिकारी श्री सत्यनारायण सिंघानिया द्वारा शताब्दी वर्ष स्मारिका पर प्रकाश डाला एवं मुख्य अतिथि माननीय श्री रामनाथ कोविंद द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्षों सर्व श्री सत्यनारायण सिंहानिया, चरनजीत सिंह सागरी, काशीप्रसाद शर्मा, करूणेश कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश अग्रवाल 'ओमी भइया', अशोक कुमार मेहरोत्रा, श्रीकृष्ण गुप्ता 'बब्बू', नवलकिशोर, कृष्णकुमार अग्रवाल 'मुन्ना बाबू', गुरप्रसाद अग्रवाल, हीरालाल 'हीरा भाई' तथा पूर्व प्रधान सचिवों सर्वश्री महेन्द्रकुमार तुलस्यान, श्रीगोपाल तुलस्यान, शिवरतन बुबना, रमेशचन्द्र रुंगटा, करनराज बोहरा, संजय अग्रवाल, विनोदकुमार खेमका, अखिलेश मिश्रा 'राजू', भूपेन्द्र शाह 'भोपू भाई', राधेश्याम माहेश्वरी, लक्ष्मण सहगल 'लच्छू भइया, अशोक कुमार माहेश्वरी तथा वर्तमान



अध्यक्ष श्री विश्वनाथ गुप्ता 'बिस्सू बाबू', प्रधान सचिव श्री दीपककुमार गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक श्री काशीप्रसाद शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक श्री काशीप्रसाद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी गौरवमयी संस्था कानपुर कपड़ा कमेटी प्रदेश के ही उत्तर भारत के प्रमुख व्यवसाइयों की संस्था है। पूर्व में कानपुर को पूरब का मेनचेस्टर कहा जाता था। यहाँ का कपड़ा देश के साथ-साथ विदेशों को जाता था परन्तु शनैः-शनैः मिलें बन्द हो जाने से सूरत, अहमदाबाद, मुम्बई, भीलवाडा से कपड़ा आने लगा।

अन्त में कमेटी के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ गुप्ता 'विस्सु बाबू' ने अपने सम्बोधन में कहा कि मंचासीन हमारे मुख्य अतिथि भारत गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविन्द जी, विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री माननीय श्री बृजेश पाठक जी, स्वागताध्यक्ष श्री जे. के. समूह के चेयरमैन डॉ. निधिपति सिंहानिया जी. मंचासीन मातृशक्ति नगर की महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय जी, नगर के सांसदगण, विधायकगण, नगर के वस्त्र व्यवसायी भाई, नगर के व्यावसायिक प्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, नगर के संवाददाता व छायाकार बन्धुओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने हमारे आमंत्रण पर अपना बहुमूल्य समय प्रदान कर समारोह की गरिमा बढाई। समारोह में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रमुख कविगण सर्वश्री प्रताप फौजदार, डॉ. कीर्ति काले, अनिल अग्रवंशी, दिनेश बावरा, गौरव चौहान, सुनहरीलाल 'तुरन्त', हेमन्त पाण्डेय तथा श्रवण शुक्ला को आमंत्रित किया गया जिन्होंने अपनी-अपनी कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में सर्वश्री विश्वनाथ गुप्ता 'बिस्सू बाबू', रूमित सिंह सागरी, श्यामजी गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सेठिया, अशोक माहेश्वरी, नवीन कुमार नेवटिया, गौरव मेहरा, अशोक कुमार माहेश्वरी, वीरेन्द्र गुलाटी, 'विक्की' विवेक कुमार गुप्ता, सोनू हीरालाल 'हीरा भाई', काशीप्रसाद शर्मा, अमित दोसर, राकेश कपूर 'टम्मी', अमित कुमार गुप्ता 'रिंकू', श्रीकृष्ण गुप्ता 'बब्बू', रवि गुप्ता, गौरव गुप्ता, करनराज बोहरा, अमित गुलाटी, रामप्रकाश गुप्ता 'मुन्नू भइया', अभिषेक चावला 'सोनू', करूणेशकुमार मिश्रा, सत्यनारायण सिंहानिया सहित सैकड़ों व्यवसायीगण उपस्थित थे।

# बेहतर मैनेजमेण्ट एवं उम्दा कार्यशैली के साथ कॉटन फैब्रिक प्रोसेसिंग में सेपरेट इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया गया

## श्री सांवरिया जी टेक्सफेब इण्डस्ट्रीज लि.



**भीलवाड़ा/** सूटिंग उत्पादन क्षेत्र में देश की अग्रणी कम्पनी एस आर एस अपने ब्राण्ड को ऊपरी पायदान पर स्थापित करने में कामयाब रही है। कम्पनी द्वारा पिछले कुछ वर्षों पूर्व प्रोसेस गृह टीपीएल का अधिग्रहण करने के बाद इसे देश का नामचीन सूटिंग ब्राण्ड एसआरएस के ऑनर द्वारा संचालन किया जा रहा है। जो सांवरिया जी टेक्स फेब इण्डस्ट्रीज नाम से तकनीकी रूप से उन्नत एवं शीर्ष प्रोसेस ग्रहो में शुमार होता है।



### तकनीकी विवरण

श्री सिंह ने बताया कि प्लाण्ट में सभी मशीनरी आधुनिक तकनीक युक्त स्थापित की गई है, जिसमें Biya La, K.D. कलेण्डर, मर्सराइजर, साइनर, कॉम्फिट एवं सुपर फिनिश शामिल हैं।

### पर्यावरण संरक्षण

इस क्षेत्र में कम्पनी सभी मानदण्डों का पालन करती है, जिसके लिये सभी आवश्यक कार्य प्रणाली स्थापित है। कम्पनी क्वालिटी मेण्टेन में विश्वास रखती है।

### प्रबन्ध कार्य

कम्पनी के डायरेक्टर श्री अनिल कन्दोई के नेतृत्व में इसका कुशल संचालन किया जा रहा है एवं प्रोसेस गृह को पूर्ण रूप से मॉडर्न तकनीक से सुसज्जित किया गया है। टेक्निकल चीफ श्री अशोक सिंह ने प्लाण्ट की जानकारी देते हुए बताया कि प्रोसेस गृह में उम्दा प्रोसेसिंग के लिये आवश्यक मशीनरी में उच्च तकनीक का समावेश किया जा चुका है। वर्तमान में 4 स्टेण्टर से संचालित प्लाण्ट में फाइबर डाईड व टीआर के साथ पीसडाईड में पीवी, केटोयनिक डाईड इत्यादि में क्वालिटी फिनिश की जा रही है। गौरतलब है कि T M श्री अशोक सिंह 1988 में इस क्षेत्र में कदम रखते हुए अपने कार्य कौशल से 2009 से टीएम पद पर सेवाएं दे रहे है और इनकी शिक्षा BSC, BJTI मुम्बई एवं फैब्रिक डिजाइनिंग, प्रोसेसिंग, ओब्जीलरी (केमिकल्स) में सफलतापूर्वक पूर्ण हुई।

### विशेष डवलपमेण्ट

कम्पनी द्वारा एंटीफिलिंग, फायर प्रुफ, मेडिकल क्षेत्र, यूनिफॉर्म सेगमेण्ट एवं एण्टी-बैक्टीरियल फैब्रिक, के लिये विशेष प्रोसेसिंग की जा रही है। गौरतलब है कि निर्यात बाजारों में एण्टी-बैक्टीरियल फैब्रिक डिमाण्ड से खरीदी जाती है। कम्पनी स्थानीय फैब्रिक के अलावा कॉरपोरेट सेक्टर का कपड़ा भी प्रोसेसिंग कर रही है।

**कॉटन प्रोसेसिंग-** कम्पनी द्वारा कॉटन फेब्रिक के लिये अलग से सिस्टम स्थापित किया गया है, जिसमें मर्सराइजर, डिसाइजर, Maxi रोलिंग, ब्लीचिंग एवं ऑल काइण्ड उपयोगी मशीनरी स्थापित की गई है, जिसमें कॉटन फैब्रिक प्रोसेसिंग के लिए CBR भी शामिल है।









# पोपलीन, पेटिकोट, पॉकेटिंग की लेवाली परन्तु माल की उपलब्धता बहुत कम

**बालोतरा/ एल सी पुनीत**

मंदी का स्वर तीव्रता के साथ मुखरित होता नजर आ रहा है। ग्रे क्लॉथ के भाव में कमी के माहौल में मंदी के वातावरण को सर्वत्र व्याप्त कर दिया है। जोधपुर मंडी के भय में बहुत अधिक त्रस्त होने लगे वे अपना माल बेचने को आतुर हैं। मंदी की आहट से ही ग्राहक को ग्रहण सा लग गया है। वर्षा ऋतु में प्राय ग्राहक की लुप्त सी हो जाती है। पैसा अनुभवी उद्यमियों का कहना है कि बरसाती मौसम में उपभोक्ता अमूमन जल व अन्य कारणों से खरीदी को नहीं निकलते। बाजार इन दिनों विरानी की दहलीज पर ही खड़ा नजर आता है। कपड़े की ऐसी रंगत की बात कोई नई नहीं है।


वास्तविकता कुछ अलग है। पोपलीन, पेटिकोट, पॉकेटिंग की लेवाली बनी हुई है, परन्तु माल की उपलब्धता बहुत कम है, नया माल तैयार होने में कई अड़चनें हैं। प्रोसेस व श्रमिकों के मध्य कुछ बिंदु ऐसे हैं जिनका समाधान होने में समय लगेगा लग रहा है। इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ रहा है। कुछ उत्पादकों ने बताया कि माल चालान तो हो रहा है और हम अपने उचित भागों में ही देते हैं। हमारे अधिकांश ग्राहक ऐसे हैं जिनसे भावों की तकरार कतई नहीं होती। ऐसे ग्राहक नियमित हमसे माल तेजी हो या मंदी बराबर लेते हैं। नाइटी के भावों में कमी की खबर से सामान्य चलानी प्रक्रिया में बाधा आने के समाचार हैं। प्रतिष्ठित व्यापारियों के अलावा छुटपुट स्तर के व्यापारियों ने पुराने माल में रगड़े डालने के समाचारों से कई उत्पादकों को माल सल्टाने में कम नुकसान नहीं हुआ है। उद्यमी जो लंबा माल रखते हैं और तादाद में ग्रे की गहरी खरीद करते हैं, उन्हें मंदी की मार इतनी गहरी पढ़ी बताते हैं कि इस वर्ष का नफा तो नदी की तीव्र चला गया, उससे अधिक उन्हें हानि से रूबरू होना पड़ रहा है जिनके बावजूद भी वे हिम्मत और हौसलो के बल पर उद्योग को जीवित रखे हुए हैं।




व्यापारी जो पहले थानो में ही माल मंगाते वे अब पीस पैकिंग को तवज्जो दे रहे हैं ताकि कम रकम में अधिक रंगों का स्टॉक रख सके। अंदर स्कर्ट (पेटिकोट) की मांग तो अधिक है, परंतु श्रमिकों की कमी के चलते हैं माल तैयार होने में समय अधिक लग रहा है। पेटिकोट की मांग को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि नारी परिधान में साड़ी का अस्तित्व पुनः उभर रहा है। रेयॉन की स्थिति तेजी हो या मंदी ग्राहकी का क्रम बना रहता है।

कई उत्पादकों को विश्वास है कि अगस्त से नई स्थिति बनेगी। रक्षाबंधन के त्यौहार से खरीदी का अच्छा मौसम बने बिना नहीं रहेगा। कपड़े में छिटपुट तेजी का माहौल बनने की स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता, फिर भी भविष्य के बारे में संकेत ही है।

डॉक्टर्स डे पर याद जागीर रोरी क्लब में भव्य कार्यक्रम डॉक्टर ओपी व्यास के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर बुजुर्ग चिकित्सकों का सम्मान किया गया। डॉ. व्यास ने कहा कि अपनी जिंदगी में चिकित्सकों का ऐसा सम्मान कभी नहीं देखा। बालोतरा के डीएनए में जो आत्मीयता है और स्थानों पर मिलनी चाहिए।



# LITISHA BAGADIA, AGED 17 YEARS FROM MUMBAI, HAS BEEN HONOURED WITH THE PRINCESS DIANA AWARD FOR HER SOCIAL AND HUMANITARIAN CAUSE




**Mumbai/** Young person from India is honoured with The Diana Award for going above and beyond in their daily life to create and sustain positive change.

Litisha Bagadia, aged 17, from Mumbai, has been recognised with the highest accolade a young person can achieve for social action or humanitarian efforts – The Diana Award.

Established in memory of Diana, Princess of Wales, the Award is given out in memory of Princess Diana and has the support of both her sons, HRH The Prince of Wales and The Duke of Sussex.

Litisha, along with Siya Joshi, are the founders of the 'Ayika Foundation', an NGO focused on mobilising the youth in climate action and animal care. Her work has been previously covered by the nation's biggest newspapers, including The Navbharat Times and Janamnbhoomi. She has hosted 7+ campaigns, has a digital footprint of 1 million+, cleared 2000+ kilograms of waste and recycled it, raised 70k, all of which went for the environment, and created a volunteer network of 500+. She and her co-founder pioneered the Ganpati flower waste recycling effort in Mumbai during the Ganesh Chaturthi festival, benefiting underprivileged and tribal communities. They have developed a strong social media presence with a digital footprint of 1 million on Ayika Foundation's social media handles. They have also partnered with MNCs and companies like Decathlon, Doms, The London Bubble and more. Currently, Litisha and her team at Ayika have created a climate action curriculum through which they are currently educating school students. She has established chapters of Ayika in Rajkot, Delhi, and is currently working on a pan-India expansion.

**Tessy Ojo CBE, CEO of The Diana Award, says:**

We warmly congratulate our new Diana Award recipients from the UK and across the world who are changemakers for their generation. These young people demonstrate that young people have the power to change the world; a belief also held by Diana Princess of Wales. We know by receiving this honour they will inspire more young people to get involved in their communities and begin their own changemaking journey."

**One of their corporate partners, who wishes to stay anonymous, says:**

Litisha and her co-founder Siya from Ayika Foundation hosted an e-waste awareness and recycling drive at my office. They had planned the event extremely well, and they were extremely knowledgeable and instrumental, despite their young age. Passion lurked through their delivery, and they gave an interesting lecture to my staff to implement e-waste recycling practices at the office. I interacted with them personally to thank them after the event, and they were so humble and full of enthusiasm. Their intellectual vitality is very strong, and they really care for their team members and the cause they are working for. I am really glad to have taken a step forward for the environment with Ayika Foundation. I am sure Ayika Foundation will reach the zenith in whatever they do does. Litisha and Siya are changemakers and will inspire generations to come.

**WHAT IS THE NOMINATION PROCESS?**

Award recipients have been put forward by adults who know the young people in a professional capacity and recognised their efforts as a positive contribution to society. Through a rigorous nomination process, these nominators had to demonstrate the nominee's impact in five key areas: Vision, Social Impact, Inspiring Others, Youth Leadership, and Service Journey.

There are 20 Diana Award Judging Panels representing each region or nation both in the UK and internationally. Panels consist of three judges who understand the value of young people, including one young person representative. The panels have an important main purpose: to determine which nominations from each region or nation will receive a Diana Award. Nominations are judged using the Criteria Guide and Scoring Guide which have been created to measure quality of youth social action.



**आदरणीय योगेंद्र शर्मा जी,**

वस्त्र उद्योग जगत के सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र टेक्सटाइल वर्ल्ड का सफल प्रकाशन आपके द्वारा किया गया जिसने वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में पूरे देश की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। आपके द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र ने निर्विवाद रूप से 25 वर्षों का सफल सफर पूरा किया। मैं आपके प्रयासों को साधुवाद देते हुए शुभकामना प्रेषित करता हूं। टेक्सटाइल वर्ल्ड की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना के साथ...।

**द्वारिका गुप्ता**
**पूर्व अध्यक्ष**
**विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, सतना**

**आदरणीय**
**योगेन्द्र शर्मा जी**

हर्ष का विषय है कि वस्त्र उद्योग जगत में टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार पत्र निरंतर प्रगति के 25 पूर्ण कर सफलता की ओर बढ़ रहा है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स सतना आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**अशोक दौलतानी**
**प्रदेश सचिव**
**कैट, सतना, म.प्र.**

# बजाज फैब-जिन्दल फैब
## की 15 अगस्त बाद गोवा में होलसेल कॉन्फ्रेंस

The Power of Personality
Bajaj fab
SUITINGS & SHIRTINGS

As Comfortable as it looks
JINDAL FAB
SUITINGS & SHIRTINGS

मुम्बई/ प्रतिष्ठित शर्टिंग फैब्रिक ब्राण्ड बजाज फैब द्वारा आगामी सीजन की तैयारियों पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए 36'' एवं 58'' शर्टिंग में जबरदस्त रेंज तैयार की है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री रमन जिन्दल ने बताया कि आगामी सीजन को लेकर हम व्हाइट, क्रीम, कुर्ते पायजामे की जबरदस्त रेंज मार्केट में पेश कर रहे हैं, जिसके अन्तर्गत टॉप डाइड, पीस डाइड, प्लेन व सेल्फ प्रिण्ट की अच्छी डिमाण्ड देखी जा रही है। इस फैब्रिक की व्यापारी अच्छी बुकिंग भी करा रहे हैं। वैवाहिक सीजन हेतु व्हाइट, क्रीम, सिल्की की डिमाण्ड भी बनी हुई है, साथ ही 36'' एवं 58'' शर्टिंग में खूब डवलपमेण्ट कर अनेक क्वालिटियाँ बाजार में उतारी हैं।

आगामी सीजन पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है, जिसमें कुर्ते की विशेष रेंज तैयार की गयी है। इस पर एम्ब्रॉयडरी भी करवाई जा रही है। प्रिण्ट फैब्रिक में भी काफी वैरायटियाँ डवलप की है। कॉटन व एम्ब्रॉयडरी प्रिण्ट भी बाजार में धूम मचा रही है। इस सीजन हेतु फैन्सी कुर्ते की भी डिमाण्ड देखने को मिल रही है, साथ ही पोस्टर रेंज में चैक्स, स्ट्रक्चर प्रिन्ट, प्लेन आदि में काफी रेंज बाजार में खूब धूम मचा रही है।

श्री जिन्दल ने आगे बताया कि कम्पनी अगस्त माह में गोवा में होलसेल कॉन्फ्रेंस करने जा रही है। इस हेतु फैन्सी सूटिंग-शर्टिंग के साथ-साथ टीआर फैब्रिक की सेम्पलिंग भी की जा रही है। सूटिंग रेंज में हमारी 10 क्वालिटियों की मार्केट से खूब डिमाण्ड आ रही है तथा भारत की तमाम मण्डियों में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। समर सीजन को ध्यान में रखते हुए फैन्सी डोबी में भी अच्छी तैयारियां की गयी हैं।

### जिन्दल फैब ने किया नया डवलपमेण्ट : मार्केट से जबरदस्त रिस्पॉन्स

कम्पनी के दूसरे प्रतिष्ठित ब्राण्ड जिन्दल फैब के तहत भी कम्पनी विशेष तैयारियाँ कर रही है। इसके अन्तर्गत 36'' एवं 58'' शर्टिंग में प्लेन व्हाइट, कुर्ता पायजामा, कॉटन, पीसी, प्लेन, लाइनिंग व ब्रासो में नयी सेम्पलिंग कर रहे हैं। आगामी तैयारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कुर्ते की विशेष रेंज तैयार की गयी है, जिसे अच्छा समर्थन मिल रहा है।
कम्पनी के डायरेक्टर श्री देवकीनन्दन जिन्दल ने बताया कि 36'' व 58'' शर्टिंग में कॉटन साटिन में प्रिण्ट व फैन्सी बेस के आइटम बाजार में धड़ल्ले से बिक रहे हैं। इस सीजन हेतु कम्पनी द्वारा हर प्रकार की फैब्रिक तैयार की जा रही है। रमजान सीजन हेतु कुर्ते की विशेष रेंज में प्लेन फैब्रिक के साथ एम्ब्रॉयडरी की डिजाइनर रेंज, क्रॉस डाइंग, साटिन बॉर्डर आदि शामिल हैं। इसके अलावा फैन्सी रेंज में पेनल्स, लोगो, पैटर्न, एम्ब्रॉयडरी, पॉकेटिंग स्टाइल, रेग्युलर, लाइनिंग, छोटे-बड़े चैक्स तथा कफ एण्ड कॉलर की एक विस्तृत रेंज बनाई गयी है। इसके अतिरिक्त इनर पट्टी की डिजाइन भी विकसित की गयी, जिसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कम्पनी के उत्पादों की निरन्तर डिमाण्ड बनी हुई है एवं कम्पनी का सेल्स नेटवर्क निरन्तर बढ़ता जा रहा है।

# भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले लघु उद्योग भारती के इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2023 के पत्रक का विमोचन

भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले लघु उद्योग भारती के इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2023 के पत्रक का विमोचन केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश जी भाई साहब, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री योगेश जी गौतम, महेंद्र खुराना, पाली इकाई से विनय जी बम्ब, विमल जी कटियार, जितेंद्र चुघ, प्रदेश संयुक्त सचिव राजकुमार मेलाना, चित्तौड़ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अजय मूंदड़ा, भीलवाड़ा इकाई के अध्यक्ष एवं मेला समिति के चेयरमैन श्री महेश हुरकट व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। साथ ही पूर्व मंत्री मदन दिलावर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जयपुर सांसद रामचरण बौहरा जयपुर नगर निगम के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। भीलवाड़ा में पूर्व में पधारने पर बताई गई समस्याओं पर पुनः भीलवाड़ा इकाई द्वारा श्री पीयूष गोयल का ध्यानाकर्षण कराया गया, जिसके लिये उन्होंने शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया।

साथ ही इस फेयर के उद्घाटन हेतु उन्हें निमंत्रित किया गया। श्री महेश हुरकट ने बताया कि यह लघु उद्योग भारती का आठवां बड़ा फेयर है जिसमें डेढ़ सौ से अधिक स्टॉल लगाई जा रही है। इसके अंतर्गत सभी टेक्सटाइल, स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग, रेडीमेड गारमेंट, मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स, माइनिंग संबंधी स्टॉल का प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी जिसमें पूरे देश-विदेश एवं स्थानीय लगभग 10,000 उद्योगपति, तकनीकी अधिकारी, कारखाना प्रबंधक एवं अन्य संबंधित व्यक्ति शामिल होंगे।


इस भव्य आयोजन से भीलवाड़ा का टेक्सटाइल उद्योग एवं माइनिंग उद्योग विश्व के मानचित्र पर अपना नया आयाम स्थापित करेगा, जिससे इस टेक्सटाइल माइनिंग एवं अन्य लघु मध्यम उद्योगों को और पल्लवित होने का अवसर मिलेगा तथा यह देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। फेयर में स्टॉल्स का आवंटन प्रारंभ कर दिया गया है। उद्यमियों में मशीन सप्लायर्स में स्टॉल बुक कराने का अच्छा खासा उत्साह देखा गया। साथ ही प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर स्टॉल का आवंटन किया जा रहा है।






# केंद्र सरकार ने किया 'राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड' का गठन

## श्री सुनील सिंघी पहले अध्यक्ष मनोनीत



### टेक्सटाइल ट्रेड से श्री प्रकाश पिरगल का बोर्ड सदस्य के रूप में मनोनयन



नई दिल्ली/ देश के बिजनेसमैन जिस बोर्ड के गठन की लंबे समय से मांग कर रहे थे, भारत सरकार ने आखिरकार उसका ऐलान कर दिया है। सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (National Traders Welfare Board) का गठन किया है। सरकार ने व्यापारियों के कल्याण के लिए ''राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड'' का नवगठन कर उसके प्रथम चेयरमैन के रूप में सिरोही मूल के युवा नेता श्री सुनील जीवराज सिंघी, अहमदाबाद को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओर से की गई है। प्रधानमंत्री की इच्छा थी कि देश के व्यापारियों व उनके अधीन कार्यरत कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं उनके कल्याण के लिए सरकार कल्याणकारी योजनाएँ बनाए। मंत्रालय ने देश के अलग-अलग राज्यों से ट्रेड बॉडीज को बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया है। जिसमें टेक्सटाइल सेक्टर से कर्नाटक राज्य से बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन, (बंगलुरु) के अध्यक्ष श्री प्रकाश पिरगल को मनोनीत किया है। श्री पिरगल की शाह लालचंद जीवराज एण्ड कम्पनी ट्रेडिंग फर्म है, जो फैंसी ब्लाउज मटीरियल एवं कॉटन फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय एवं उत्पादन में संलग्न है। वहीं इनका एसोसिएशन में अध्यक्ष के रूप में दूसरा टर्म है।

### कई एसोसिएशंस द्वारा श्री पिरगल का सम्मान



बंगलुरू/ टेक्सटाइल सेक्टर से श्री प्रकाश पिरगल के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य बनने से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। विगत दिनों फेडरेशन ऑल इंडिया व्यापार मण्डल एवं अनेक व्यापारिक संगठनों ने श्री पिरगल का स्वागत-सम्मान किया साथ ही अनेक व्यापार जगत के प्रतिनिधियों ने बधाई दी और उनका समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की। श्री पिरगल ने टेक्सटाइल वर्ल्ड को बताया कि इस उच्च स्तरीय समिति के माध्यम से हम सरकार से कई कल्याणकारी योजनाएँ प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें केंद्रीय मंत्रालय के संयुक्त सचिव और सात राज्यों के व्यापार प्रतिनिधि सदस्य हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि व्यापारियों के लिए व्यापार करने में आसानी के लिए जीएसटी, श्रम और कानूनी मेट्रोलॉजी कानूनों की समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों के लिए अनेक योजना और कर्मचारियों के लिए भी कई स्वास्थ्य एवं शिक्षा कल्याण योजनाओं का प्रस्ताव है। जल्द ही एक मेगा ट्रेडर्स मीटिंग आयोजित की जाएगी जिसमें हम बड़े पैमाने पर व्यापार से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर सकेंगे। इसी तरह बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से श्री लक्ष्मी नटराज होटल में एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रकाश पिरगल को राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य नियुक्त किए जाने पर उनका सम्मान करने हेतु एक आयोजन रखा गया, जिसमें श्री पिरगल द्वारा मेहनत और लगन से समाज और संगठन के लिए किए गए कार्यों की सराहना की गई और उनके द्वारा एसोसिएशन को मजबूत करने के प्रयास हेतु धन्यवाद दिया और उनसे निवेदन किया कि आपको जो भारत सरकार द्वारा इतना ऊँचा पद मिला है तो आप व्यापारी वर्ग की कई तकलीफों का निवारण करने हेतु प्रयास जरूर करें। श्री पिरगल ने आश्वासन दिया कि वह जरूर इस दिशा में ध्यान देंगे, सरकार को अवगत कराएंगे और इसके निवारण व समाधान हेतु प्रयास करेंगे।

Surat Dreams®

KOLKATA FASHION EXPO 2023

Presents

IEE INTERNATIONAL ETHNIC EXPO





Step into a world of

# TEXTILE WONDER

at the grandest

# EXHIBITION

of the year!

**21st & 22nd August 2023**

## INDIA EXPO MART

Knowledge Park II, Greater Noida, Delhi

**350+ Exhibitors**
From Ahmedabad, Banaras, Delhi, Jaipur, Kolkata, Mumbai, Surat Etc.

**Buyers**
From Pan India, Bangladesh, Nepal & UAE

Saree | Lehenga | Salwar Suit | Readymade & Value Added Fabric

# सम्पादकीय....

## उन्नत शिक्षा व्यवस्था ही देश की प्रगति का आधार

जैसे-जैसे नई-नई तकनीक आ रही हैं वे इस आवश्यकता को ही रेखांकित कर रही हैं कि शिक्षा व्यवस्था में तेजी से परिवर्तन होने चाहिए। इस काम को इसलिए युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए क्योंकि यह देखने में आ रहा है कि हमारे तमाम डिग्री कॉलेज ऐसे युवाओं की फौज तैयार कर रहे हैं जो देश की जरूरत को पूरा कर पाने में सक्षम नहीं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सही कहा कि देश में शिक्षा से ही खुशहाली और समृद्धि आएगी। इससे हर कोई परिचित है कि दुनिया के जिन भी देशों ने उल्लेखनीय प्रगति की है, उनका आधार उनकी उन्नत शिक्षा व्यवस्था रही है। निःसंदेह अपने देश में शिक्षा की महत्ता को प्रारंभ से ही समझा गया और समय-समय पर शिक्षा व्यवस्था में यथोचित सुधार भी किए गए, लेकिन अभी काफी कुछ किया जाना शेष है। यह काम प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक किया जाना है।

भले ही नई शिक्षा नीति लागू हो गई हो, लेकिन उसके क्रियान्वयन की गति संतोषजनक नहीं। यह समय की मांग है कि नई शिक्षा नीति पर तेजी से अमल किया जाए। इसी के साथ पाठ्यक्रम बदलने के काम को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि इस मोर्चे पर अभी कुछ विशेष नहीं हुआ है। इसका कोई औचित्य नहीं कि छात्रों को वह पढ़ाया जाए, जो उनके जीवन में काम न आए या फिर जो उन्हें अनुशासित और एक जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य सही तरह से न करे। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार को अपनी उपलब्धियां गिनाने के साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बदलते वक्त के साथ तालमेल बैठाने की आवश्यकता है, क्योंकि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है।


कई औद्योगिक संगठन यह कह चुके हैं कि उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुरूप युवा नहीं मिल रहे हैं। शिक्षा संस्थानों से निकले युवा डिग्रियों से तो परिपूर्ण हो जाते हैं, लेकिन किसी कौशल में दक्ष में नहीं होते। यह ठीक नहीं।

कौशल विकास कार्यक्रम चलाने के साथ इस पर भी ध्यान दिया जाए कि छात्र शिक्षा संस्थानों से ही हुनर पाकर निकलें। जब शिक्षा नीति पर अमल की कोशिश की जा रही है, तब कई विश्वविद्यालय तीन साल का पाठ्यक्रम चार-पांच साल में पूरा कर पा रहे हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि किस तरह कुलपतियों और शिक्षकों की नियुक्तियों में अनावश्यक देरी हो रही है।

हमारे नीति-नियंता इस तथ्य से भी मुंह नहीं मोड़ सकते कि शिक्षा में तमाम सुधार के बाद भी एक बड़ी संख्या में छात्र विदेशी शिक्षा संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाध्य हैं। इसका कारण देश में गुणवत्ता वाले शिक्षा संस्थानों की कमी है। यह स्थिति तब है, जब हाल के समय में बड़ी संख्या में निजी शिक्षा संस्थान खुले हैं। वास्तव में निजी शिक्षा संस्थानों का सही तरह नियमन भी समय की मांग है।

# कुछ नया, कुछ अलग •

## विश्वास... श्वाँस के जितना ही अमूल्य है



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

थोड़े दिन पहले गुरुपूर्णिमा का उत्सव था। सबसे पहले तो गुरुपूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ क्योंकि गुरुपूर्णिमा सार्वत्रिक उत्सव है। चाहे कोई भी धर्म हो, सम्प्रदाय हो, जीवन के हर एक मोड़ पर हमें जो कुछ न कुछ सिखाता है वो हमारा गुरु है। कोई हमारा गुरु हो, यह श्रद्धा का विषय है। हमारी श्रद्धा भी विभिन्न रूप से होती है। श्रद्धा रखेंगे तो ही कोई भी कार्य फलीभूत होगा। पूरा संसार श्रद्धा की नींव पर टिका है। ईश्वर को किसी ने देखा नहीं है मगर हमारी श्रद्धा से वे मूर्त स्वरूप में हमारे साथ है, हमारे पास है। लेकिन हम अगर ऐसा कहते हैं कि मेरा एक काम हो जाये तो मैं आपको दस रुपये या पाँच हजार रुपये का प्रसाद चढ़ाऊँगा तो प्रेक्टिकली रूप से ऐसा कोई चमत्कार नहीं होता कि आपका काम बन जाये। यह सब बातें पुराने खयालात को बढ़ावा देती है।

आपको मैं एक बात बताना चाहता हूँ कि भगवान हमसे ज्यादा चतुर है। जिसने इस पूरी सृष्टि का सृजन किया हो, जो करोड़ों जीवों का भरण-पोषण करता हो, जिसने अपने हृदय के जैसा अथाह सागर बनाया हो, जिसकी अमी दृष्टि से ऋतु, ग्रह, अंतरिक्ष का चक्र सुचारू रूप से चलता हो, वो ईश्वर कितने बुद्धिमान होंगे। तो क्या वे हमारी कुटिलता को नहीं जानते होंगे कि हम मंदिर में सिर्फ स्वार्थ के लिए जाते हैं। अगर आप शुद्ध हृदय से नतमस्तक होकर उन्होंने जो भी हमें दिया है, उसके लिए आभार व्यक्त करने की वृत्ति रखेंगे तो शायद उनकी कृपा आप पर बरस जाये।

हम रोड पर किसी जरूरतमंद इंसान को दान करते हैं या फिर किसी भी इंसान को किताब, भोजन या दवाएँ लाने में मदद करते हैं। तब भी हम यह सोचते हैं कि इस काम से हमें पुण्य की प्राप्ति होगी। मैं इस विचार के साथ थोड़ा असहमत हूँ। किसी शायर ने लिखा है कि हम जब चींटियों को दायें हाथ से खाना देते है तो बायें हाथ को भी पता नहीं चलना चाहिए। दान हमें इसी तरह से करना चाहिए। अगर आप कोई अच्छा कार्य कर रहे हो तो लोगों के सहयोग के लिए उसका प्रचार करना पड़ता है मगर आप कुछ अनुदान करके पूरे विश्व में अपने दान का प्रचार करते हैं, ढिंढोरा पीटते हैं तो आपका सेवा कर्म दिखावा बन जाता है। शुद्ध हृदय से मौन मन के साथ किया हुआ दान ही पुण्य की प्राप्ति करा सकता है।

कुदरत हमें क्षण-क्षण श्रद्धा की प्रतीति कराती है। हमें सबसे बड़ी श्रद्धा दिखती है डाल पर आई कलियों में, जो बड़ी होकर फूल बनेगी और अपने आसपास के वातावरण को सुगंध से भर देगी। ईश्वर जो भी करते हैं उसमें सब अच्छा ही होता है। बस हमें उनकी अच्छाई पर विश्वास होना चाहिए।

धर्म कोई भी हो, संप्रदाय कोई भी हो, उसका सार तो केवल एक ही है कि हमे उस परम शक्ति पर अपार विश्वास हो। उसकी हर बात पर विश्वास हो, उसके हर काम पर विश्वास हो, उसके हर परिवर्तन पर विश्वास हो, उसके हर परिणाम पर विश्वास हो।

इस आध्यात्मिक बात को अगर हम अपने रोजमर्रा के जीवन में आत्मसात कर ले तो हमारा बेड़ा पार हुआ समझो! पारिवारिक सदस्यों में परस्पर विश्वास हो तो परिवार भी उपवन की तरह चहकता और महकता रहता है। व्यवसाय में अगर परस्पर का विश्वास हो तो तरक्की ही तरक्की है। व्यापार में अगर विश्वास हो तो उन्नति ही उन्नति है।

आपने शायद देखा होगा। कई लोग अपने बच्चे को खेल-खेल में ऊँचा फेंक देते है और फिर वापस अपने महफूज हाथों में पकड़ लेते है। आश्चर्य की बात यह है कि ऊँचा फेंका हुआ बच्चा उस समय मुस्कुराता ही रहता है। भला ऐसा कैसे हो सकता है कि जरा सा गिर जाने पर जो बच्चा रोते हुए बाज़ नही आता, वो ही बच्चा आसमान में ऊँचा निराधार फेंके जाने पर इतना हंस रहा है! यह इसलिए संभव है कि जिस बच्चे को फेंका गया है उसे विश्वास है कि जिसने मुझे फेंका है, वो ही मुझे संभाल लेगा। उसे ये भी विश्वास है वो मुझे हानि पहुँचाने के लिये नहीं फेंक रहा, बल्कि मुझे हँसाने के लिए फेंक रहा है। यह विश्वास ही मुश्किल घड़ी में उसे पीड़ा देने के बजाय प्रसन्नता प्रदान करता है।

अपने मुश्किल समय में हम ये विश्वास क्यों गँवा देते हैं कि जिसने मुझे इस विपरीत समय में फेंक दिया है, वो ही मुझे संभाल लेगा। जिसने मेरी परीक्षा ली है, वो ही मुझे अच्छा परिणाम भी देगा।

ऐसा नहीं कि विश्वास टूटते नहीं। हमें कई बार अनुभव होता है कि हमने जिन पर आँख बंद करके विश्वास किया हो, वो ही हमारे साथ विश्वासघात कर रहा हो। लेकिन उस एक की वजह से हम सभी पर विश्वास करना छोड़ दें तो ये तो सही बात नही। मनुष्यों ने कितनी बार ईश्वर से विश्वासघात किया, मानवता की अवहेलना की। मगर फिर भी ईश्वर ने अभी मानव जाति से अपना विश्वास कम नहीं किया है और इसीलिए हर नई सुबह न जाने कितने नए मानवों का जन्म होता है। अगर इतने आघातों के बाद भी ईश्वर ने हम पर विश्वास कम नहीं किया है तो हम कैसे ईश्वर पर अपने विश्वास को कम कर सकते हैं?

**आइए, विश्वास को बनाए रखें**
**और साथ में गाएँ..**
**एक तेरे भरोसे पे सब बैठे हैं**
**भूलकर,**
**यूँ ही उम्र गुज़र जाए, तेरे साथ**
**गुज़र जाए।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# वर्षा कलेक्शन की रायपुर कॉन्फ्रेंस संपन्न





रायपुर/ रायपुर के नामचीन होलसेल संस्थान वर्षा कलेक्शन की तीन दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस 27 से 29 जून 2023 को होटल रायपुर इन में आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ उड़ीसा के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने शिरकत की और इसे सफल बनाया। संस्था के मुख्य प्रतिनिधि श्री मनोज डेगवानी, श्री प्रकाश डेगवानी ने बताया कि आगामी तीज और दुर्गा पूजा सीजन को देखते हुए यह आयोजन रखा गया। इस कॉन्फ्रेंस में सूरत, मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता से प्रतिष्ठित कंपनी ने अपने-अपने उत्पाद का डिस्प्ले किया। साथ ही रेडीमेड सूट और साड़ी में भी अच्छी बुकिंग के साथ आयोजन सफल रहा।










# Yarn Rate+GST
यार्न रेट्स 05 जुलाई, 2023

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 94141-12130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/18 Dyed | 185 |
| 2/40 Dyed | 268 |
| 2/30 Frosted | 223 |
| 2/30 Dyed Slub | 223 |
| 2/30 School Dress Clourer | 223 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 235 |
| 2/40 Dyed | 280 |
| 2/30 Frosted | 233 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 192 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 179 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 194 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 184 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 207 |
| 1/15 Poly Black | 134 |
| 20 PV Black | 173 |
| 15 PV Black | 172 |
| 2/18 S Navy 85:15 | 202 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 109-137 |
| 150 Roto Black | 106-146 |
| 150 Roto Bright | 119-143 |
| 150/250 Grey | 121-152 |
| 150/250 Dyed | 138-169 |
| 150 Fdy | 122 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 128 |
| 2/40 POLY | 176 |
| 2/15 Poly Grey | 120 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 118 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 55-94 |
| 6 CONE | 80-140 |
| 10 CONE | 92-180 |
| 2/4 CONE | 84-134 |
| 2/6 CONE | 82-155 |
| 2/8 CONE | 86-154 |
| 2/10 CONE | 104-214 |
| 2/20 CONE | 196-254 |
| 2/30 CONE | 284-372 |
| 2/40 CONE | 271-343 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 193 |
| 15 CONE | 198 |
| 20 CONE | 207 |
| 2/15 CONE | 206 |
| 2/40 CONE | 250 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/30 100% Polyester Gray | 175 |
| 2/30 65/35 Black | 232 |
| 2/30 65/35 Gray | 200 |
| 2/40 65/35 Black | 272 |
| 2/30 PV 65/35 Havy Dark Dyed | 240 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 160 |
| 1/20 P/V | 148 |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 124 |
| **RSWM** | |
| 2/40 PV | 204 |
| 2/30 PV | 180 |
| Mahabir | |
| 15 PV | 180 |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022
Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 211 |
| 2/60 PVT | 278 |
| 2/60 Polyster | 228 |
| 2/80 PC Combed | 360 |
| 2/76 Polyster | 278 |
| 2/60 P.V. | 278 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 190+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 179+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 178+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### Kishangarh Yarn Bazar
PH. 98297-21313
JAGDISHKOTHIWAL
CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 520 |
| 20 Patiyala ND | 556 |
| 20 Patiyala Silver | 173 |
| 20s Puja viscous | 558 |
| 16s cottspin | 500 |
| 20s Shri Mahadav | 556 |
| 23 JS Viscous | 543 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 500 |
| 20 OM Thread | 541 |
| 20 JS | 543 |
| 23 JS | 595 |
| 10 ARI | 88+GST |

GST Paid

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 208 |
| 1/14 OE | 215 |
| 1/16 OE | 220 |
| 1/20 OE | 240 |
| 30 KW | 290 |
| 30 CW | 310 |
| 2/40 CW ELLY | 310 |
| 30 CW COMPACT | --- |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 60 CW COMPACT | --- |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 142+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 132+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 127+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 235+GST |
| 2/18 P/V Black | 192+GST |
| 2/30 P/V Black | 260+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 203 |
| 7 OE | 205 |
| 8 OE | --- |
| 9 OE | --- |
| 10 OE | 210 |
| 10 Lycra | 285 |
| 16 Lycra | --- |
| 10 Slub Lycra | 315 |
| 16 Slub Lycra | ----- |
| **SRM SPINNERS LIMITED** | |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| 2/18 P/V Black | 210+GST |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.
PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv yarn** | |
| 2/40 pv | 193 |
| 2/30 pv | 170 |
| 2/24 pv | 168 |
| 2/20 pv | 164 |
| 2/18 pv | 163 |
| 2/15 pv | 156 |
| 1/15 pv | 148 |
| **POLY YARN** | |
| 2/40 poly | 170 |
| 2/30 poly | 148 |
| 2/24 poly | 143 |
| 2/20 poly | 138 |
| 1/15 poly | 133 |
| **Pv Black 80:20 Blend** | |
| 2/40 pv black | 215 |
| 2/30 pv black | 178 |
| 2/18 pv black | 150 |
| 30 pv black. | 166 |
| 18 pv black. | 146 |
| 15 pv black. | 140 |
| **100% poly black yarn** | |
| 2/30 poly Black. | 151 |
| 2/18 poly black. | 125 |
| 2/15 poly black. | 128 |
| 18 poly black. | 121 |
| 15 poly black. | 115 |
| **PC yarn 65:35** | |
| 2/30 pc recycled | 140 rs |
| 15 Poly recycled | 110 rs |
| 15 Poly virgin Alok | 125 rs |
| 15 Poly virgin Jyoti | 121 rs |

**Less 1 rs cd +12% gst**
*Prices for forward booking ,Delivery after 7 days from confirmation *

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 2/30 poly @ | 160 |
| 2/20 poly @ | 150 |
| 2/15 poly @ | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 155+GST |
| 2/30 PV | 172+GST |
| 15S PV | 155+GST |
| 2/24 PV | 168+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 152+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 142+GST |

टेक्सटाइल वर्ल्ड
समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।
PHONE 01482-237165 | MOBILE 9468835188
417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001, (RAJ.)
E-mail: textileworldtw@gmail.com
Web: www.textileworld.org

# बांग्लादेश से गारमेण्ट निर्यात 10.27 प्रतिशत बढ़ा
## वैश्विक आर्थिक मंदी की आहट का असर नहीं

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

एक ओर जहां भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका तथा अन्य कई देशों से रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में गिरावट आ रही है या स्थिरता है वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश से निर्यात में बढ़ोतरी बनी हुई है और हाल ही में समाप्त हुए वहां के वित्त वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में रेडीमेड गारमेंट का निर्यात न केवल निर्धारित लक्ष्य को पार कर गया है अपितु गत वर्ष की तुलना में 10.27 प्रतिशत अधिक रहा है। बांग्लादेश समाचार पत्रों के अनुसार हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2022-23 में बांग्लादेश से कुल 46.99 बिलियन डॉलर मूल्य के रेडीमेड गारमेंट निर्यात किए गए। यह न केवल सरकार द्वारा निर्धारित निर्यात लक्ष्य से अधिक है अपितु 2021-22 के निर्यात से 10.27 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2021-22 में बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट निर्यात 42.61 बिलियन डॉलर का था।

**सर्वाधिक योगदान-**

बांग्लादेश में रेडीमेड गारमेण्ट का वहां की अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2022-23 में बांग्लादेश के कुल निर्यात 55.55 बिलियन डॉलर में रेडीमेड गारमेंट के निर्यात से 46.99 बिलियन डॉलर की आय हुई। हालांकि 2022-23 का निर्यात निर्धारित लक्ष्य की तुलना में कम रहा लेकिन गत वर्ष की तुलना में अधिक रहा और लगातार दो वर्ष से 50 बिलियन डॉलर से ऊपर बना रहा। वर्ष 2021-22 में वहां से कुल निर्यात 52.08 बिलियन डॉलर का था। सरकार ने 2022-23 के लिए 58 बिलियन डॉलर का निर्यात लक्ष्य तय किया था। जानकारों का कहना है कि बांग्लादेश में उत्पादन लागत कम होने, निर्यात प्रोत्साहन के लिए सरकारी नीति तथा कुछ प्रमुख आयातक देशों द्वारा आयात टैक्स से माफी आदि कारणों से वहां के रेडीमेड गारमेंट भारत की तुलना में सस्ते होते हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश अपनी आवश्यकता की अधिकांश कॉटन आयात करने के अतिरिक्त यार्न आदि के लिए भी आयात पर निर्भर है।

# आषाढ़ मास का डिस्काउंट सेल शुरू

**निजामाबाद/ जुगल किशोर**

तेलंगाना निजामाबाद में बहुत बड़े-बड़े कपड़े के 8-10 शोरूम में है इनमें बहुत कम्पटीशन भी है बिक्री भी बहुत है। किसान क्लॉथ, अनघा फैशन, एल.वी.आर. शॉपिंग मॉल, साऊथ इण्डिया चैन्नई सिल्क, आकृति, लक्ष्मी सिल्क, सिंध क्लॉथ, सुल्तान ऐसे बड़े-बड़े शहरों में इनमें से बहुत से शोरूम में डिस्काउंट सेल चालू हो गया है जो हर साल शुरू होता है। कहीं सावन शुरू हो चुका है दक्षिण में 18 तारीख से अधिक श्रावण महिना शुरू होगा उसके बाद श्रावण मास रहेगा। यहां श्रावण मास में शादियां होती है इस कारण इस डिस्काउंट का लाभ लेने हेतु अच्छी ग्राहकी हो रही है वैसे भी फिर राखी, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली होती है इसलिए कि लोग अभी खरीदी करते हैं वैसे ये बरसात के महीने है कपड़े में ग्राहकी नहीं रहती पर डिस्काउंट व शादी के कारण ग्राहकी है। होलसेल में ग्राहकी नहीं है होलसेल में नागपंचमी की ग्राहकी चलती है जिनमें पाली के ब्लाउज सूरत के फैंसी ब्लाउज ही ज्यादा बिकते हैं थोड़ी बहुत साड़ी बिकती है देखना है कैसा होगा कारण 1 महीना हो गया बरसात बिल्कुल नहीं है।

सदस्यता फॉर्म

SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

AXIS BANK
Textile World
Axis bank, Bhilwara
A/c no. 911020040072253
Ifs code - UTIB0000241

कोरियर द्वारा पांच वर्ष की सदस्यता पर ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रू.500 |
| ☐ 2 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 72 | रू.1000 |
| ☐ 5 वर्ष | ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री | 120 | रू.2500 |

हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ........................................

कम्पनी/फर्म का नाम : ........................................

पता : ........................................

........................................पिन कोड नं. ........................................

मोबाइल नं. ........................................फोन नं. ........................................

सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. .................... दिनांक .................... रु. .................... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org

भूल ना जाना ०२४

RISHAB WORLD



## मोहन रानाडे

(१९३० -२०१९)

वे गोवा को औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्र कराने वाले एक्टिविस्ट और स्वतंत्रता सेनानी रहे।

पुर्तगाल के पुलिस अधिकारी द्वारा **भारतीय तिरंगे** को नीचे खींचने की निर्दयता पूर्वक कार्यवाही के परिणामस्वरूप आक्रोशित होकर **आजाद गोमान्तक दल** का गठन किया गया।

वीर **मोहन रानाडे** उसी रात पुलिस स्टेशन पहुंचे और पुलिस अफसर को गोली मार दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुर्तगाली हथियारों और सम्पत्ति अपने कब्जे में ले ली।

इस अपराध के लिए अक्टूबर सन् 1955 में **रानाडे** को 26 साल के कारावास की सजा हुई और उन्हें अपने यौवन काल के 14 वर्ष पुर्तगाली जेल में बिताने पड़े। वे सन् 1969 में रिहा हुए।

रानाडे ने गोवा लिबरेशन मूवमेण्ट के संदर्भ में **Struggle Unifished** और **Satiche Vaan** नामक दो पुस्तकें लिखी।

आधुनिक परिवार से सम्बद्ध होने के कारण उन्होंने अपना शेष जीवन गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने में व्यतीत कर दिया।




# फिलहाल मांग कमजोर परन्तु आगे अच्छे व्यवसाय की उम्मीद

## फैंसी प्रिण्टेड साड़ीज एवं लहरिये की बेहतर मांग

**सूरत/सत्यप्रकाश...** स्थानीय कपड़ा बाजार कमजोर मांग के चलते मंदी के दौर से गुजर रहा है। हालांकि साल की प्रथम तिमाही में औसत कारोबार होने से कपड़ा कारोबारी आगामी सीजन की तैयारी शुरू कर चुके हैं। फैंसी प्रिण्टेड साड़ीज एवं डाइड साड़ीज में मीडियम रेंज की साड़ीज की अभी भी डिमाण्ड बनी हुई है। देश के कई क्षेत्रों से डेली यूज में आने वाली साड़ीज बनाने वाले निर्माताओं के पास ग्राहकी है। अमूमन जुलाई माह में रक्षाबंधन एवं तीज की ग्राहकी शुरू हो जाती है परन्तु इस बार श्रावण माह दो होने से रक्षाबंधन का त्यौंहार भी अगस्त के अंतिम सप्ताह में आ रहा है। जिससे बाजार में रक्षाबंधन की ग्राहकी अभी शुरू नहीं हो पाई है। जानकार व्यापारियों का कहना है कि अभी साड़ियों में केवल घरेलू मांग ही है। सीजनल मांग अगस्त के प्रथम सप्ताह में शुरू हो जाएगी।

### आगामी सीजन के लिये साड़ी निर्माताओं की तैयारियाँ जोरों पर

फिलहाल बाजार में मांग कमजोर है परन्तु आगामी सीजन की तैयारी के चलते साड़ी निर्माता अपने-अपने स्तर पर जरूरत के हिसाब से उत्पादन ले रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी श्रावण माह में लहरिये की मांग में उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है। इसके साथ ही निर्माता फैंसी प्रिण्टेड साड़ीज में नये-नये डिजाइंस पेश कर रहे हैं, जिनकी रक्षाबंधन के समय अच्छी मांग रहती है। जुलाई में मानसून सेल की ग्राहकी छिटपुट चल रही है। इसमें भी 15 जुलाई पश्चात् अच्छी स्पीड आने की सम्भावना है, क्योंकि सेल वाली साड़ीज की अधिकतर खरीदी लेनदेन के हिसाब होती है। इसके अलावा कई निर्माताओं ने सेल्स प्रमोशन स्कीम्स दे रखी है, जिसमें कैश डिस्काउंट स्कीम सहित खरीदी के हिसाब से विभिन्न तरह के गिफ्ट ऑफर किए जा रहे हैं।

### सुदेश सिन्थेटिक्स मिल्स प्रा. लि. की सेल्स स्कीम को मिल रहा सुपर रिस्पॉन्स...

सूरत की जानी-मानी फैंसी साड़ीज निर्माता कम्पनी सुदेश सिन्थेटिक्स मिल्स प्रा.लि. ने अपने व्यापारियों के लिए आकर्षक सेल्स स्कीम दे रखी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून से 15 अगस्त तक साड़ियों के मात्र 25 पार्सल की खरीदी पर व्यापारियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी देने की घोषणा की है। कम्पनी सूत्रों के अनुसार बाजार में स्कीम को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके अलावा कम्पनी द्वारा 5 एवं 11 पार्सल की खरीदी पर क्रमशः रेफ्रिजरेटर एवं लेपटॉप का ऑफर दिया गया है। स्थानीय ब्रोकर्स में स्कीम्स को लेकर खासा उत्साह है, वहीं देश की सभी होलसेल कपड़ा मण्डियों से कम्पनी को अच्छे ऑर्डर्स प्राप्त हो रहे हैं।

### साल की प्रथम तिमाही में अच्छी रही बिक्री -श्री राजीव जैन

सूरत की प्रमुख एजेंसी फर्म के. अनिल कुमार (कमल ग्रुप) के श्री राजीव जैन ने चर्चा के दौरान बताया कि अभी सीजनल ग्राहकी शुरू नहीं हुई है। परन्तु डेली यूज के हिसाब से फैंसी प्रिण्टेड साड़ीज की अच्छी मांग है, वहीं डाइड साड़ीज में मीडियम रेंज की भी बेहतर मांग है। उन्होंने कहा कि इस साल की प्रथम तिमाही में पिछले साल की अपेक्षा ग्राहकी अच्छी रही। हालांकि अभी बाजार थोड़ा सुस्त है परन्तु शीघ्र ही सीजनल मांग निकलने की पूरी उम्मीद है। अगस्त माह से रक्षाबंधन एवं तीज की ग्राहकी शुरू हो जाएगी। इसके अलावा हमारे कई सप्लायर्स ने विभिन्न तरह की आकर्षक सेल्स स्कीम्स भी दे रखी है। जिसमें सबसे ज्यादा सुदेश सिन्थेटिक्स प्रा.लि. की सेल्स स्कीम के तहत अच्छी बुकिंग हो रही है।



### गारमेण्ट सेक्टर का बहु-प्रतीक्षित ट्रेड फेयर

# GGMA का नेशनल गारमेण्ट फेयर

## 20-22 जुलाई को अहमदाबाद में होगा आयोजित

**अहमदाबाद**

दी गुजरात गारमेण्ट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (GGMA) द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किए जाने वाले बहु प्रतीक्षित नेशनल गारमेण्ट फेयर का आयोजन इस वर्ष 20 से 22 जुलाई को गांधीनगर (अहमदाबाद) स्थित हेलीपैड ग्राउंड एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित होने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार GGMA का ये 35th गारमेंट फेयर है जिसमें अहमदाबाद सहित पूरे गुजरात राज्य के रेडीमेड गारमेंट निर्माता आगामी फेस्टिव एवं विंटर सीजन के लिए तैयार अपनी नवीनतम रेंज का आकर्षक डिस्प्ले करने वाले हैं। 300 से अधिक मेन्स वियर, लेडीज वियर एवं किड्स वियर गारमेण्ट निर्माता इस एग्जीबिशन में नए डवलपमेंट एवं इनोवेशन को प्रजेंट करेंगे। GGMA के अध्यक्ष श्री विजय पुरोहित के अनुसार इस वर्ष काफी प्रचलित ब्राण्ड्स एवं नए मैन्युफैक्चरर्स ने भी इस एग्जीबिशन में भाग लिया है एवं बहुत अच्छी तैयारी के साथ नए सीजन के लिए सभी लोग अपने नए प्रॉडक्ट प्रस्तुत करेंगे। हमारे फेयर की मुख्य विशेषता PPP है, किफायती प्राइस, क्वालिटी प्रॉडक्ट और क्वांटिटी प्रॉडक्शन। GGMA के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं फेयर इंचार्ज श्री अर्पण शाह ने बताया कि नेशनल गारमेण्ट फेयर की समस्त तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। सभी पार्टिसिपेंट्स ने एग्जीबिशन के लिए जमकर तैयारी की है। सभी तरह के गारमेण्ट्स बनाने वाले बेहतरीन ब्राण्ड्स अपने गारमेण्ट्स को शोकेस करेंगे। श्री शाह ने बताया कि नेशनल गारमेण्ट फेयर का उद्घाटन गुजरात के युवा गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी करने वाले हैं। गारमेण्ट सेक्टर के लिए 100 प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक उत्पादन में देश की अग्रणी कंपनी पानम टेक्स फैब प्रा. लि., अहमदाबाद इस नेशनल गारमेण्ट फेयर की स्पॉन्सर है, जो गारमेंट सेक्टर के लिए PANAM FABRICS ब्राण्डनेम से हाई क्वालिटी बॉटम वियर फैब्रिक्स बनाती है एवं फेयर के कॉ-स्पॉन्सर प्रचलित Expert ब्राण्ड के Bharat Apparels हैं।

### 25 हजार से अधिक गारमेण्ट व्यापारी पहुंचने की संभावना

श्री अर्पण शाह ने बताया कि फेयर में अहमदाबाद के मशहूर गारमेण्ट ब्राण्ड्स की बड़ी संख्या में उपस्थिति एवं देश के गारमेण्ट व्यापारियों में फेयर प्रति उत्सुकता देखते हुए 25 हजार से अधिक व्यापारियों के फेयर में पहुंचने की उम्मीद है। GGMA की ओर से पूरे देश की गारमेण्ट एसोसिएशंस एवं प्रत्येक शहर में गारमेण्ट कारोबार से जुड़े बड़े ट्रेडर्स, ब्रोकर्स, बड़े रिटेलर्स सहित कॉरपोरेट बाइंग हाउसेस को हमने व्यक्ति गत पहुंच कर आमंत्रित किया है। देश के सभी राज्यों के बड़े गारमेण्ट कारोबारियों को विशेष निमंत्रण भेजे गए हैं। जिसमें फेयर से संबंधित जानकारी पत्रक के साथ पार्टिसिपेंट्स की भी जानकारी साझा की गई है तथा सोशल मीडिया पर भी फेयर से संबंधित प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।
















# वैश्विक और स्थानीय भाव में अंतर होने से रूई का निर्यात कम

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

मांग कमजोर रहने से रूई की लेवाली घटी है। स्पिनिंग मिलों और निर्यातकों की मांग नहीं होने से भाव प्रति खंडी 55 से 57 हजार रू के बीच है। इस वर्ष रूई में तेजी जैसा कुछ दिखाई ही नहीं दिया और पूरे सीजन दबाव बना रहा है। किसानों में कपास के मिल रहे भाव से भारी नाराजगी थी और आशंका व्यक्त की जा रही थी कि आगे की सीजन में किसानों का कपास से मोहभंग हो सकता है। इस कारण देश में कपास की बुवाई क्षेत्रफल घट सकता है। लेकिन सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने से किसानों को राहत मिली और किसानों को लग रहा है कि आगे अच्छा भाव मिल सकता है, इसलिए देश में कपास की बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ने की जानकारी मिल रही है।


देशभर में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है और अनुमान है कि जुलाई तक देशभर में कपास की बुवाई का कार्य पूरा हो जाएगा। अभी जो अनुमान लगाए जा रहे हैं उसके अनुसार पिछले वर्ष जितने क्षेत्रफल में कपास की खेती हो सकती है। कपास उत्पादन अनुमान से अधिक भी हो सकता है। अभी किसानों के पास कपास का स्टॉक है, तो जिनरों के पास रूई का स्टॉक है। माना जा रहा है कि नई सीजन में कपास की बुवाई, उत्पादन अपेक्षानुसार हुई तो आगामी सीजन के दौरान रूई के भाव प्रति खंडी 55 से 60 हजार रू की रेंज में रह सकते हैं। इस समय तमिलनाडु के मैसूर की ओर नई कपास की आवक शुरू हो गई है और पंजाब एवं हरियाणा की अगस्त में आ सकती है।

साउथ की ओर से डेढ़ से दो लाख गाँठ रूई की आवक होने ने की संभावना है। देशभर में अभी कम से कम 18 से 20 प्रतिशत कपास किसानों के पास पड़ा हुआ है उसी तरह से 36 से 38 लाख गाँठ रूई का स्टॉक माना जा रहा है। भारत में रूई उत्पादन अनुमान में भारी भूल होने और किसानों का माल बेचने का पैटर्न बदलने का खामियाजा उद्योग को भुगतना पड़ा है। कोविड के बाद पिछले वर्ष रूई, यार्न और टेक्सटाइल की मांग खूब थी। इस कारण रूई का भाव एक लाख रू के शीर्ष स्तर पर पहुंचा था, परंतु चालू वर्ष में पूरा सीन उलट गया और मांग के अभाव में रूई का भाव क्रमशः टूटता रहा है। इस पर भी वैश्विक भाव की तुलना में देश में रूई का भाव अधिक बना हुआ है।

वैश्विक भाव और स्थानीय भाव में अंतर होने के कारण देश से रूई का निर्यात कम हो गया है। निर्यात पिछले वर्ष के स्तर को भी नहीं छू सकता है। रोचक बात है कि अब तक देश से जितना रूई का निर्यात हुआ है, कमोबेश उतना ही रूई का आयात किया गया है। देश में रूई के उत्पादन संबंधित जो आंकड़े आए इनमें 300 लाख गांठ अथवा इससे कम उत्पादन का अनुमान लगाया गया था। यद्यपि ऐसे अनुमान के विपरीत व्यापारियों का कहना था कि रूई का उत्पादन अधिक हो सकता है। जून महीने के अंत तक कपास की आवक जारी रहने और जिनरों के पास भरपूर स्टॉक रहने के बाद अब कहा जा रहा है कि देश में उत्पादन 340 से 350 लाख गाँठ के बीच हो सकता है।









स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**

7 से 21 जुलाई, 2023
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate
टेक्सटाइल वर्ल्ड 25 Years SILVER JUBILEE CELEBRATION

# बाजार में आया नया इम्पोर्टेड टीआर ब्राण्ड Austin Vitori

## इंपोर्टेड प्रीमियम टीआर सूटिंग फैब्रिक्स में नई एवं आकर्षक रेंज तैयार : देशभर में डीलर नेटवर्क बनाने की तैयारी शुरू


श्री विनय गोयल

पिलखुआ/ ब्राण्डेड मेन्स फैशन फैब्रिक्स के विख्यात होलसेलर रामनिवास कुमार ने हाल ही नए इंपोर्टेड प्रीमियम टी आर ब्राण्ड की घोषणा की है। मेंस फैशन बाजार की जरूरत को देखते हुए संस्थान की ओर से Austin Vitori ब्राण्डनेम से फाइनेस्ट क्वालिटी में आकर्षक डिजाइनर सूटिंग कलेक्शन तैयार किया गया है। जिसकी विधिवत लॉञ्चिंग बैंकॉक (थाईलैंड) में की जाएगी। विदित है कि विगत चार दशक से संस्थान 'रामनिवास ललित कुमार' पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेंस फैशन फैब्रिक्स अर्थात प्रीमियम सूटिंग शर्टिंग फैब्रिक की आपूर्ति कर रहा है। वर्तमान में संस्थान द्वारा रेमंड सूटिंग शर्टिंग का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, वहीं इसकी मोनोपोली डिजाइंस की राष्ट्रीय स्तर पर आपूर्ति की जा रही है। संस्थान के संस्थापक स्व. श्री रामनिवास गोयल ने मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से उत्तर भारत में संस्थान को प्रसिद्धि दिलाई। साथ ही व्यवसाय को बुलंदी पर पहुंचाने का काम किया इनके सुपुत्र श्री विनय गोयल ने, जो अपने कार्य क्षेत्र में रिटेल व्यापारियों में खासे पॉपुलर हैं। क्रिएटिव सोच एवं सदैव कुछ नया करने की ललक इनमें शुरू से ही रही है। श्री गोयल ने कहा कि बाजार में कुछ नया प्रस्तुत करना चाह रहे थे, जिसके लिए हम काफी दिनों से शोधरत थे। बाजार में इंपोर्टेड टीआर फैब्रिक्स की बढ़ती मांग ने हमें Austin Vitori ब्राण्ड तैयार करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हमारे कई व्यापारियों की मांग को देखते हुए हमने Austin Vitori ब्राण्डनेम से फाइनेस्ट टीआर फैब्रिक्स तैयार किया है। जिसमें लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप व्यापक फैब्रिक रेंज तैयार की गई है।



'रामनिवास ललित कुमार' की प्रस्तुति

### फैशन पसंद युवाओं के लिए खास पेशकश

श्री विनय गोयल ने कहा कि Austin Vitori ब्राण्ड की रचना हमने भारत के युवाओं को ध्यान में रखकर की है। नए तरह के आकर्षक कलर्स एवं मनभावन डिजाइंस में तैयार इसका टीआर फैब्रिक कलेक्शन मेन्स फैशन इंडस्ट्री में नए आयाम स्थापित करेगा। श्री गोयल ने बताया कि चाइना, इटली, टर्की, इंडोनेशिया आदि देशों में ब्राण्ड के लिए फैब्रिक सोर्सिंग की जा रही है। जिसमें इटली से 130 से 210 काउंट में फाइनेस्ट वूल सूटिंग्स, टर्की से जैकार्ड (एथनिक फैब्रिक्स) एवं चाइना से टीआर फैब्रिक्स में प्लेन, सोबर चेक्स एवं ट्विड फैब्रिक्स तथा इंडोनेशिया से लचका फैब्रिक्स आयात किया जा रहा है। सभी फैब्रिक रेंज में प्रीमियम क्वालिटी के साथ-साथ कलर्स एवं डिजाइंस में व्यापकता का समावेश किया गया है।

### बैंकॉक में कॉन्फ्रेंस के दौरान की जाएगी भव्य लॉञ्चिंग

श्री विनय गोयल के अनुसार 16 से 22 जुलाई को बैंकॉक में आयोजित कॉफ्रेंस के दौरान Austin Vitori ब्राण्ड की भव्य लॉञ्चिंग के साथ ही आगामी सीजन के लिए बुकिंग शुरू कर दी जाएगी। ब्राण्ड में आगामी फेस्टिव, विंटर एवं वेडिंग सीजन की तैयारी के मद्देनजर बाजार से हटकर कलेक्शन तैयार किया गया है। टेरीवूल, टीआर, एथनिक, ट्विड जैसे सभी फैब्रिक्स में संस्थान आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन पेश करने जा रहा है।

### बनाया जाएगा ऑल इंडिया डीलर नेटवर्क...

श्री विनय गोयल ने कहा कि Austin Vitori ब्राण्ड के लिए हम देश के सभी राज्यों में डीलर्स बनाने की योजना पर गतिशील है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में हमारे संस्थान का पहले से ही मजबूत नेटवर्क स्थापित है, जिसमें और विस्तार करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी सेल्स कॉन्फ्रेंस 3 से 7 सितम्बर को गोवा में प्रस्तावित है। जिसमें होलसेलर्स एवं रिटेलर्स शामिल होंगे।



Product by

**RAMNIWAS LALIT KUMAR**

Umrao Singh Market, PILKHUWA (UP) Mob. 094112 46774
Email: ramniwaslalitkumar001@gmail.com

# एसजीएस की भव्य मेगा कॉन्फ्रेंस 25 जुलाई से 15 अगस्त तक सिक्किम-गंगटोक में



भरोसे की परम्परा
SGS®
SUITING•SHIRTING

मुम्बई/ फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं अपेरल के विख्यात ब्राण्ड एसजीएस भारतीय टेक्सटाइल बाजार में सबसे लम्बी कॉन्फ्रेंस के लिए ख्यातनाम है। एसजीएस ब्राण्ड की उत्पादक कम्पनी एसजीएस सिल्क मिल्स प्रा. लि. अपने व्यापारियों के प्रमोशन के लिए हमेशा आगे रही है।

कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि भरोसे की परंपरा पर कायम एसजीएस अपनी पूर्व आयोजित यात्रा-2022 असम व मेघालय की अपार सफलता के बाद इस वर्ष अपने व्यापारियों को यात्रा 2023 के तहत सिक्किम-गंगटोक की यात्रा पाँच सितारा होटल लेमन ट्री में 25 जुलाई 2023 से प्रारम्भ होकर 15 अगस्त तक चलेगी। इस मेगा कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा दी गई स्कीम के तहत व्यापारी भाग ले सकेंगे। इस यात्रा-2023 की मेगा कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों को नये सीजन हेतु नये डवलपमेण्ट देखने एवं बुकिंग कराने का अवसर मिलेगा। कॉन्फ्रेंस में कम्पनी के ऑल इण्डिया से रिटेलर शिरकत करेंगे। श्री राठी ने बताया कि सिक्किम-गंगटोक भारत के हरेभरे प्राकृतिक सौन्दर्य एवं बौद्ध मन्दिरों के लिए विख्यात है। यहां स्थित एमजी मार्ग एवं लाल बाजार व्यापारिक दृष्टिकोण से विख्यात बाजार हैं। इसके अलावा नाथुला दर्रा, चाइना बॉर्डर, चार धाम के साथ 12 ज्योतिर्लिंगों की झाँकियों के साथ-साथ पर्वतारोहण, इकोट्यूरिज्म, रोपवे एवं केसीनो को देखने का आनन्द मिलेगा।


- नये डवलपमेण्ट का डिस्प्ले
- स्कीम का व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह

### नया डवलपमेण्ट पेश


इस मेगा कॉन्फ्रेंस के दौरान कम्पनी द्वारा आगामी सीजन के लिए अनेक नयी रेंज देखने को मिलेगी जिसमें फैंसी सूटिंग, टीआर, शर्टिंग के अन्तर्गत कलर चार्ट भिन्न-भिन्न डिजाइनों में प्रदर्शित किये जाएंगे, जिसे देखकर व्यापारी बुकिंग कराकर अपने व्यापार को और भी गति प्रदान करेंगे।

Do-drul Monestary




Samsara Garden

Banjhakri Waterfall





# रीड एण्ड टेलर की ऑल इण्डिया डीलर कॉन्फ्रेंस ऑटम विण्टर 2023 का सफल आयोजन


















**पटाया/ रतन लाल पण्डित**

देश के प्रतिष्ठित मेन्स फैशन वियर फैब्रिक ब्राण्ड रीड एण्ड टेलर ने थाइलैण्ड (पटाया) में ऑल इण्डिया डिलर कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया। ऑटम विण्टर 2023 डिलर कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा उत्पादित लेटेस्ट एवं आकर्षक रेंज व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित की गई। देशभर के समस्त व्यापारीक केन्द्रों से आए व्यापारियों ने कॉन्फ्रेंस में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाया। इस भव्य आयोजन के दौरान रीड एण्ड टेलर के ब्राण्ड एम्बेसेडर श्री नितिन मेहता की उपस्थिति ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। श्री नितिन मेहता ने कम्पनी द्वारा उत्पादित Signatuer Jacketing एवं फाइन फिनिश फैब्रिक की लॉञ्चिंग की।




कम्पनी के डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल ने समारोह के दौरान सभी उपस्थित व्यापारियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही कहा कि कम्पनी सदैव व्यापारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने हेतु प्रतिबद्ध है। व्यापार जगत में नए बदलाव एवं कई प्रकार के इनोवेशन के लिए व्यापारियों से विचार-विमर्श किया। इस दौरान Urban Turban Brand द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही लघु रूप में लक्की ड्रॉ कार्यक्रम में आगन्तुक व्यापारियों ने भरपूर आनन्द लिया।

रीड एण्ड टेलर की प्रबन्धन कमेटी ने आगन्तुक व्यापारियों को कार्यक्रम सफल बनाने एवं भारतवर्ष का टेक्सटाइल जगत सदैव जीवन्त रहे, इस भाव के साथ शुभकामनाएँ प्रेषित की।






Dear All,

On behalf of Reid & Taylor, I want to express our sincerest gratitude to each and every one of you who attended and actively participated in our recently concluded AW 23 sales conference. Your presence and engagement made the event a success.

We are truly grateful for the time and effort you invested in joining us at the conference. Your commitment to excellence and your dedication to our partnership have been instrumental in driving our collective success.

We value your expertise, insights, and valuable feedback, which will undoubtedly help us enhance our strategies and offerings in the upcoming season.

The conference provided for us to showcase our new season collection, exchange ideas, learn from one another, and strengthen our bonds as valued partners. We were your enthusiasm, passion, and commitment to delivering outstanding results.

We extend our heartfelt appreciation for your continued support and trust. Your role as dealers is truly invaluable to our business growth, and we are honored our family.

As we we look forward to building upon the knowledge, connections, and momentum gained during the conference. Let us continue to collaborate closely, communicate openly, and drive success together. Once again, thank you for your participation and your unwavering dedication. We are excited opportunities and achievements that lie ahead, and we are confident that with your partnership, we will reach new heights.

Warm regards
Ajay Agarwal
Group CEO
Reid & Taylor



Dear Friends, Associates
Greetings for New Season

We are happy to LAUNCH ,our "AUTUMN WINTER 2023 COLLECTION" IN THAILAND . Our team at Mysore and Mumbai have worked in sync to build a range which will suit our business profile and attract our customers .

We have focussed totally on customer likings as per new and latest trends. Market is swinging towards classics, conventional and appealing sober designs. Now more of solid- fancy colors are in fashion. We at Reid and Taylor have always customized our collection as per aspiring needs of our customers.

In our basket we have woven ;

- New colors
- Soft drape & handle
- Perfect Sheen & Shine
- Impeccable designs

New brands launched with lot of newness – Brenta Classic ,Meadows, Inspiration,Trafalgar.

We present our range for your genuine feedback and heartily believe our initiatives will be appreciated and accepted in the market. You are our Brand Ambassadors and we thank you all for your continual support and cooperation from hearts !

Warm Regards
Sachin Honmode
President Sales & Marketing

















# फेस्टिव एवं विंटर सीजन की तैयारी में जुटे कपड़ा निर्माता

**अहमदाबाद / सत्यप्रकाश...** देश की गारमेंट इण्डस्ट्री की फैब्रिक जरूरतों को पूरा कर रही अहमदाबाद मण्डी में इन दिनों कपड़ा निर्माता नये-नये डवलपमेंट करने में जुटे हुए हैं। हालांकि बड़े सप्लायर्स इस समय नए फैब्रिक डिस्पेच भी कर रहे हैं। मुंबई में अप्रैल माह में आयोजित सीएमएआई की एग्जीबिशन में कई गारमेंट फैब्रिक निर्माताओं को अच्छे खासे ऑर्डर्स भी मिले थे। ऐसे में मंडी में कामकाज तो मई माह में ही चालू हो गया था परंतु सीजनल ग्राहकी नहीं चल पाई थी, जो अब शुरू हो रही है। बाजार सूत्रों के अनुसार जुलाई माह में मुंबई अहमदाबाद में बड़े गारमेंट फेयर होने जा रहे हैं इसलिए गारमेंट निर्माताओं को ऑर्डर्स मिलेंगे तो ग्राहकी निकलनी तय है। स्थानीय गारमेंट फैब्रिक निर्माता भी पूरी तैयारी के साथ नए-नए डवलपमेंट कर रहे हैं। सूटिंग में जहां लाइक्रा बेस वैरायटी तैयार की जा रही है, वहीं शर्टिंग में सैकड़ों नए डवलपमेंट देखे जा रहे हैं। शत प्रतिशत कॉटन लाइक्रा एवं नॉन लाइक्रा शर्टिंग में विभिन्न तरह के डिजिटल प्रिंट्स, चैक्स, लाइनिंग सहित प्लेन में आकर्षक कलर्स का डवलपमेंट किया जा रहा है। सूटिंग की बात करें तो स्थानीय उद्यमियों द्वारा इंडिगो, सल्फर डाइंग, निटेड फैब्रिक्स, डेनिम लुक, कॉटन फैब्रिक्स, डोबीज, स्ट्रक्चर आदि डिजाइंस में व्यापक रेंज तैयार की जा रही है। लेडीज फैशन फैब्रिक्स में उद्यमियों द्वारा कॉटन एवं रेयॉन फैब्रिक्स में आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन तैयार किया गया है।

**हाल ही सूरत में आयोजित टेक्सटाइल उत्सव फैब्रिक फेयर में सूरत की प्रसिद्ध फैशन फैब्रिक निर्माता कंपनी शास्वत टेक्सटाइल प्रा. लि. एवं मंगला टेक्सटाइल्स सहित कई निर्माताओं ने भाग लिया, जिन्हें फेयर में अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इस संदर्भ में शास्वत टेक्सटाइल प्रा.लि. के डायरेक्टर श्री अमीष शाह ने बताया कि लेडीज फैशन फैब्रिक में हमने काफी नए डवलपमेंट इस फेयर में पेश किए तथा आगामी सीजन के मद्देनजर हमें गारमेंट कारोबारियों से अच्छे ऑर्डर प्राप्त हुए है। इसी तरह मंगला टेक्सटाइल्स के डायरेक्टर श्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि लेडीज फैशन के लिए हमने प्रीमियम फैशन फैब्रिक्स में नए डवलपमेंट का डिस्प्ले किया। लेडीज गारमेंट निर्माताओं की हमारी स्टॉल पर अच्छी विजिटिंग के साथ-साथ पूछ-परख भी अच्छी रही। लेडीज सेगमेंट में हमने कुर्ती, नाइटी, लेडीज टॉप तथा वेस्टर्न आउटफिट्स के लिए व्यापक रेंज प्रदर्शित की।**









## लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप लें उत्पादन -श्री कुमार जैन

रेडीमेड गारमेंट सेक्टर के लिए प्रीमियम कॉटन फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी कंपनी नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. इन दिनों देश की रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री के लिए लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप नए-नए फैब्रिक डवलपमेंट पेश कर रही है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कुमार जैन ने चर्चा के दौरान बताया कि सूटिंग में प्लेन एवं प्रिन्ट डिजाइंस की मांग है, वहीं शर्टिंग में विभिन्न तरह के नए डिजाइंस जैसे डिजिटल प्रिंट्स, चैक्स, प्लेन वैरायटी की मांग बराबर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी फेस्टिव एवं विंटर सीजन की तैयारी हमने अप्रैल माह में शुरू कर दी थी। नई रेंज के सैंपल सेट का मुंबई में आयोजित फैब शो एग्जीबिशन में डिस्प्ले किया गया था। वहां पर काफी गारमेंट कारोबारियों के साथ बिजनेस डील्स हुई, जिसके चलते कंपनी के पास अभी अच्छे ऑर्डर्स हैं।



## अपेरल सेक्टर के लिए नए फैब्रिक डवलपमेंट पर फोकस -श्री गिरीश सोठानी

प्रीमियम कॉटन शर्टिंग फैब्रिक में आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन के लिए मशहूर कंपनी श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री गिरीश सोठानी ने बताया कि आगामी फेस्टिव एवं विंटर सीजन के लिए हमारी कंपनी फैब्रिक्स में नित नए डवलपमेंट कर रही है। कॉटन में फैंसी डिजाइंस की बढ़ती मांग के कारण विभिन्न तरह के आकर्षक डिजाइंस के नए सैंपल सेट तैयार कर रहे हैं। पॉपकॉर्न प्रिंट्स, डिजिटल प्रिंट्स, बुटीक प्रिंट्स आदि डिजाइंस में एक्सक्लूसिव रेंज तैयार की गई है, जिसे बाजार से बेहतर रिस्पॉन्स प्राप्त हो रहा है।






7 से 21 जुलाई, 2023

# टेक्सटाइल वर्ल्ड




**श्री रमेश पोद्दार...**इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी के सीएमडी श्री रमेश पोद्दार ने सभी व्यापारियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सभी वर्षों से जे.हेम्पस्टेड के साथ जुड़े हैं। इस ब्राण्ड के प्रति सभी के समर्पण भाव के लिए श्री पोद्दार ने रिटेलर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस ब्राण्ड को लेकर हम और भी नये-नये डवलपमेण्ट वर्षभर आपके लिये पेश करते रहेंगे।

# जे. हेम्पस्टेड की ऑल इण्डिया रिटेल कॉन्फ्रेंस पटाया (थाइलैण्ड) में उत्साह के साथ सम्पन्न



## चार नये कैटलॉग लॉञ्च : ऑटम विंटर कलेक्शन 2023 की व्यापारियों ने कराई जबरदस्त बुकिंग

मुम्बई / पटाया (थाइलैण्ड) / जैसे ही मानसून ने दस्तक दी वैसे ही जे.हेम्पस्टेड द्वारा बाजार में अपनी आक्रामक रणनीति की शुरूआत कर दी गई है। मानसून के आने से हर तरफ हरियाली, चहल-पहल एवं एक आनन्द के अहसास की अनूभूति होने लगी है और एक नये संकल्प के साथ मेन्सवियर फैब्रिक के प्रीमियम ब्राण्ड जे. हेम्पस्टेड ने आगामी सीजन की भरपूर तैयारियाँ करते हुए हाल ही में 20 से 25 जून 2023 को पटाया-थाइलैण्ड के पाँच सितारा DUSIT THANI RESORT में ऑल इण्डिया रिटेल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ सियाराम सिल्क मिल्स के सीएमडी श्री रमेश पोद्दार, डाइनेमिक डायरेक्टर श्री अवनीश पोद्दार, बिजनेस हेड श्री विजय जैन, सभी एरियो के जोनल मैनेजर सहित ऑल इण्डिया से पधारे सभी रिटेलर्स की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर गणेश वन्दना के साथ शुरूआत की गई। ऑल इण्डिया से पधारे लगभग 400 से अधिक रिटेलर्स ने जे. हेम्पस्टेड के सभी उत्पादों की जमकर प्रशंसा की एवं विण्टर कलेक्शन की बढ़चढ़ कर बुकिंग भी कराई।







**ऐतिहासिक डिस्प्ले...** श्री विजय जैन ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के दौरान हमारे द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए कम्पनी का पूरा फोकस प्लेन एवं नये कलर्स पर किया गया। 16000 स्क्वायर फीट के इस हॉल में कम्पनी द्वारा ऐतिहासिक डिस्प्ले किए गये। जिसमें इनोवेटिव डिजाइनों से लेस प्रीमियम सूटिंग व शर्टिंग विभिन्न शेड्स में पेश किए गये। इस डिस्प्ले में एक्सक्लूसिव एक्स्ट्रीम ब्लैक रेंज, सेरीमोनियल कलेक्शन, एक्जोटिक रिचवूल, वूल लाइक्रा, कॉटन शर्टिंग में नया बेस, डिजिटल प्रिंट में Cupro बेस, गीजा शर्टिंग, गीजा शर्टिंग हाई काउंट की रेंज, प्रिंट के भिन्न-भिन्न कलर चार्ट, लिनन शर्टिंग की विस्तृत रेंज, टीआर में न्यू जैकेटिंग, 4 वे लाइक्रा की रेंज, लिनन कुर्ते की रेंज, कॉटन सूटिंग एवं वैवाहिक सीजन के लिए एथनिक की रेंज का ऐतिहासिक डिस्प्ले किया गया। इस सम्पूर्ण डिस्प्ले को देखकर रिटेलर्स ने इन नये कलेक्शन की जमकर प्रशंसा की।

**श्री अवनीश पोद्दार...** इस दौरान कम्पनी के डाइनेमिक डायरेक्टर श्री अवनीश पोद्दार ने सभी रिटेलर्स का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि इन सभी क्वालिटियों में फैशन ट्रेंड के अनुरूप अपग्रेड फील और फिनिश को और बेहतर करते हुए कम्पनी ने इन्हें पेश किया है। जिसे आप सभी ने इन नये उत्पादों को सराहा जो हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं आशा करता हूँ आप सभी हमारा यूँ ही साथ देते रहेंगे। सियाराम हमेशा आप सभी के साथ खड़ा हुआ है।





**सम्पूर्ण टीम में भरपूर जोश**

इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कम्पनी द्वारा पेश की गई रेंज को भरपूर समर्थन मिला। जे. हेम्पस्टेड की सम्पूर्ण सेल्स टीम, रिजनल मैनेजर, मैनेजमेण्ट टीम में भरपूर उत्साह देखा गया जो एक कम्पनी के लिए गर्व की बात है।

**चार नई कैटलॉग लॉञ्च...** इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कम्पनी द्वारा आगामी सीजन पर भरपूर फोकस करते हुए चार नई कैटलॉग लॉञ्च की गई, जिसमें पहला कैटलॉग रिचवूल का था, यह जेनेटी कैटलॉग जिसमें वूल फैब्रिक विभिन्न शेड्स एवं डिजाइनों में लॉञ्च किए गये, दूसरी वूल इन्फ्यूजन की कैटलॉग जिसमें पीवी डब्ल्यू के आकर्षक शेड्स लेटेस्ट डिजाइनो, कलर रेंज में पेश किए गये। तीसरी सेरीमोरियल कलेक्शन जिसमें एथनिक कलेक्शन जो आगामी वैवाहिक एवं त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए पेश किए गये इसमें शैरवानी, इण्डोवेस्टर्न, बंद गला एवं कुर्ते फैब्रिक की रेंज की बेहतरीन एवं खुबसूरत डिजाइनों को प्रदर्शित किया गया और चौथी कॉटन शर्टिंग की कैटलॉग जिसमें डिजिटल प्रिंट के नये कलेक्शन प्रदर्शित किए गये जिसे देखकर सभी रिटेलर्स मंत्रमुग्ध हो गये एवं बढ़चढ़ कर बुकिंग कराने पर विवश हो गये।

**अवॉर्ड समारोह...**इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कम्पनी के सीएमडी श्री रमेश पोद्दार ने हर जॉन के टॉप तीन रिटेलर्स को सम्मानित किया। इसके अलावा सीएमडी श्री रमेश पोद्दार, डायरेक्टर श्री अवनीश पोद्दार एवं जे.हेम्पस्टेड के बिजनेस हैड श्री विजय जैन ने अन्य सभी रिटेलर्स को भी अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। इस सम्मान को पाकर रिटेलर्स काफी खुश नजर आ रहे थे। वे पूरे जोश के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और जे. हेम्पस्टेड को नई ऊचाईयों पर ले जाने का नया संकल्प लिया।






J. HAMPSTEAD




JH
J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior
Also, available at all leading retail outlets and Siyaram's SHOP across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on: